इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 236 | राजनांदगांव, सोमवार 14 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## उ वल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला, सी.सदानंदन मास्टे एवं डॉ. मीनाक्षी जैन राज्यसभा के लिए मनोनीत, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया मनोनीत



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को चर्चित वकील उज्ज्वल देवराव निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला समेत 4 लोगों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। इन चारों हस्तियाँ ने अपने-अपने क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए चर्चित हैं। राष्ट्रपति ने यह नियुक्तियां संविधान के अनुच्छेद 80(1)(ए) और खंड (3) के तहत की हैं।

### कौन हैं उज्ज्वल देवराव निकम?

उज्ज्वल देवराव निकम मुंबई के प्रसिद्ध वकील हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य से बीजेपी ने प्रत्याशी बनाया, लेकिन कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ से हार गए। उज्ज्वल निकम ने 1993 के मुंबई ब्लास्ट, अजमल कसाब केस और कोल्हापुर गैंगरेप जैसे चर्चित मामलों की पैरवी कर पीड़ियों को न्याय दिलाया है। राज्यसभा के लिए उनका चयन न्यायिक क्षेत्र में विशेष अनुभव को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

### सी. सदानंदन मास्टे की प्रोफाइल

सी. सदानंदन मास्टे केरल के शिक्षाविद और समाजसेवी हैं। एजुकेशन और रूलर डेलवपमेंट के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय काम किया है। दक्षिण भारत के समाज सुधार आंदोलनों में भी उन्होंने सक्रिय भागीदार निभाई है।

### हर्षवर्धन श्रृंगला विदेश सचिव रहे

हर्षवर्धन श्रृंगला सेवानिवृत्त ढ्ढस्न्स हैं। विदेश सचिव रहते उन्होंने भारत के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'आज भी भारत सारे जहां से अच्छा', A&iom-4 फेयरवेल स्पीच में बोले शुभांशु शुक्ला; दुनिया को दिया खास संदेश



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर ऐतिहासिक यात्रा पूरी करने के बाद अंतरिक्ष से विदाई लेंगे. ये खास पल एक विदाई समारोह के रूप में आज शाम 7.25 बजे (भारतीय समयानुसार) आयोजित किया गया. ये समारोह LIVE प्रसारित किया गया, जिसे दुनियाभर में लाखों लोगों ने देखा. फेयरवेल प्रोग्राम में एएक्स-4 मिशन की टीम और नाशा की E&pedition 73 टीम के सदस्य भी शामिल रहे. बता दें कि शुभांशु शुक्ला आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं.

फेयरवेल समारोह में शुभांशु शुक्ला ने भारत के लिए मैसेज देते हुए कहा कि- भारत सारे जहां से अच्छा, बता दें कि 26 जून 2025 को नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के ड्रैगन यान के जरिए शुभांशु शुक्ला और उनके साथी एएक्स 4 मिशन पर रवाना हुए थे. इस मिशन में अमेरिका की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन कमांडर के रूप में थीं, जबकि अन्य सदस्य पोलैंड के सावोस्ज़ उज़्नान्स्की और हंगरी के तिबोर कपू थे. इन चारों ने कुल 250 से अधिक बार पृथ्वी की परिक्रमा की और 6 मिलियन मील से ज्यादा की दूरी तय की. 17 दिन की इस यात्रा के दौरान अंतरिक्ष यान के दल ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें माइक्रोएल्गी पर रिसर्च और नई सेंट्रीफ्यूगेशन तकनीकें शामिल हैं. फेयरवेल सेरेमनी के बाद 14 जुलाई को दोपहर 2.25 बजे क्रू स्पेसएक्स के ड्रैगन एयरक्राफ्ट में सवार होगा और जरूरी प्री-फ्लाइट जांच पूरी करने के बाद शाम 4.34 बजे ISS से अलग हो जाएगा. उनका पृथ्वी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कांग्रेस विधायक ने की नितिन गडकरी को पीएम बनाने की मांग, कहा- वह देश को विकसित करने की सोच रखते हैं



नई दिल्ली। कर्नाटक से कांग्रेस पार्टी के विधायक बेलूर गोपालकृष्ण ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री बनाने का सुझाव दिया है। शिमोगा जिले की सागर विधानसभा सीट से तीन बार के विधायक ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 साल की उम्र में पद छोड़ दें, तो गडकरी उनके आदर्श उत्तराधिकारी होंगे। गोपालकृष्ण का यह बयान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयानों के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने 75 साल की उम्र में नेताओं के पद छोड़ने की बात कही थी।बुधवार को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान, आरएसएस प्रमुख भागवत ने संघ विचारक दिवंगत मोरोपंत पिंगले के 75 साल की उम्र के बाद पद छोड़ने संबंधी बयान का हवाला दिया। पीएम मोदी इसी साल 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। वहीं, नितिन गडकरी इसी साल 27 मई को 68 साल के हुए थे। ऐसे में गडकरी के पास लगभग 7 साल तक पीएम बने रहने का समय है।

### कांग्रेस विधायक का बयान

गोपालकृष्ण ने कहा, गडकरी को देश का अगला प्रधानमंत्री होना चाहिए, क्योंकि गडकरी आम आदमी के साथ हैं। उन्होंने राजमार्गों और अन्य क्षेत्रों में देश के विकास के लिए अच्छा काम किया है। देश की जनता उनकी सेवाओं और उनके व्यक्तित्व को जानती है। शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईओडब्लू-एसीबी ने लंबे समय से फरार आरोपी नवनीत तिवारी को किया गिरफ्तार



कोल लेवी घोटाल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कोल लेवी घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नवनीत तिवारी को ईओडब्ल्यू- एसीबी ने गिरफ्तार किया है। पिछले कई महीने से ईओडब्ल्यू आरोपी की तलाश कर रही थी। जांच एजेंसी ने फरार आरोपी नवनीत तिवारी को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो में विवेचनाधीन अपराध कमांक 03/2024 धारा 7, 7 ए एवं 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथासंशोधित अधिनियम 2018 एवं 420, 120बी, 384, 467, 468, 471 भा.द.वि. में अवैध कोल लेवी की वसूली की योजना, वसूली करना से लेकर अवैध धनराशि का निवेश मे संलिप्त आरोपी नवनीत तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी वर्ष 2022 मे ईडी रेड के बाद से लगातार फरार चल रहा था। प्रकरण मे आरोपी के विरूद्ध न्यायालय से पूर्व मे स्थायी गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। आरोपी नवनीत तिवारी को विधिवत गिरफ्तार कर य न्यायालय समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर विस्तार से पूछताछ की जा रही है।

## सोनिया गांधी ने 15 जुलाई को बुलाई कांग्रेस की बैठक, मानसून सत्र के लिए तय होगी रणनीति



नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति तय करने के लिए 15 जुलाई को एक अहम बैठक बुलाई है। यह बैठक उनके आवास 10 जनपथ पर होगी। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत पार्टी के बड़े नेता शामिल होंगे। बता दें कि संसद के मानसून सत्र में विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करने वाला वाला है।

### मानसून सत्र में पेश हो सकते हैं कई अहम बिल

बता दें कि मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। पहले यह सत्र 12 अगस्त को खत्म होने वाला था, लेकिन सरकार ने इसे एक हफ्ते के लिए बढ़ा दिया है। इस दौरान कई अहम बिल पेश होने की उम्मीद है, जिनमें निजी क्षेत्र को परमाणु ऊर्जा में प्रवेश की इजाजत देने वाला कानून भी शामिल है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस सत्र में कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। खास तौर पर, बिहार में चुनाव आयोग के विशेष मतदाता सूची संशोधन के फैसले पर विपक्ष कड़ा एतराज जता सकता है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर सत्ता पक्ष को घेरेगा विपक्ष!

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तमिलनाडु में डीजल लेकर जा रही मालगाड़ी में लगी भयानक आग, कई फीट ऊंची उठी लपटें



नई दिल्ली। तमिलनाडु में रविवार को बड़ी घटना हो गई। तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास डीजल लेकर जा रही मालगाड़ी पटरी से उतरी और धू-धूकर जलने लगी। भीषण आग और धुएं के गुबार से दहशत फैल गई। इलेक्ट्रिक रूम भी आग की चपेट में आ गए। सूचना पर तुरंत दमकल और बचाव दल पहुंचा। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे की वजह से कई एक्सप्रेस ट्रेनें रुक गईं। फिलहाल किसी के घायल होने की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक, चेन्नई पोर्ट से डीजल लेकर मालगाड़ी निकली। रविवार सुबह 5.30 बजे मालगाड़ी तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची। चलते-चलते रेलगाड़ी की चार बोगियों पटरी से उतरीं और आग भड़क गई। देखते ही देखते आग विकराल हो गई। चारों तरफ धुआं फैल गया। आग की उठती लपटें देखकर इलाके में दहशत फैल गई। घटना के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड और बचाव दल मौके पर पहुंचे। आग पर काबू पाया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में भयानक आग दिखाई दे रही है।

### पटरी से उतरने के कारण लगी आग

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, ट्रेन में डीजल भरा हुआ था। आग की चपेट में आए चार डिब्बों को अलग करने के लिए बाकी के 48 डिब्बों को हटाने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बिहार में बड़ी तादात में बांग्लादेश, म्यांमा और नेपाल के नागरिक, चुनाव आयोग अलर्ट

### अगस्त से पूरे देश में नई वोटर लिस्ट बनेगी!




नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने अगले महीने से पूरे भारत में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी शुरू कर दी है। यह पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा।

चुनाव आयोग की तरफ से यह कदम उस समय उठाया गया है जब पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने इसे संविधानिक दायित्व करार दिया और चुनाव आयोग को बिहार में इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी। बता दें कि, चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ कुछ विपक्षी पार्टियों और अन्य संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में इस पुनरीक्षण के खिलाफ चुनौती दी थी, उनका कहना था कि इससे योग्य नागरिकों को वोट डालने का अधिकार मिल सकता है। अब कुछ राज्य चुनाव अधिकारियों ने उन राज्यों में आखिरी बार किए गए विशेष पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को सार्वजनिक कर दिया है। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में आखिरी बार पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में 2006 में आखिरी पुनरीक्षण हुआ था, और अब उस वर्ष की सूची राज्य की वेबसाइट पर है। चुनाव आयोग ने कहा है कि 28 जुलाई को बिहार मामले की सुनवाई के बाद, वह देशव्यापी पुनरीक्षण पर अंतिम निर्णय लेगा। इस प्रक्रिया के तहत विदेशी अवैध (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एआई-171 के चालक दल ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जिम्मेदारी के साथ काम किया, ICPA का बड़ा बयान



मुंबई। भारतीय वाणिज्यिक पायलट संघ (आईसीपीए) ने रविवार को कहा कि पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए एआई 171 विमान के चालक दल ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जिम्मेदारी के साथ काम किया। चालक दल ने अपने प्रशिक्षण और कर्तव्यों का निर्वहन किया। ऐसे में पायलटों को अनुमान के आधार पर बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

पायलटों की गलती को लेकर कुछ हलकों में लगाए जा रहे आरोपों को पुरजोर तरीके से खारिज करते हुए एअर इंडिया के नैरो-बॉडी पायलटों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस संगठन ने जोर देकर कहा कि जब तक आधिकारिक जांच पूरी नहीं हो जाती और अंतिम रिपोर्ट सामने नहीं आ जाती, तब तक कोई भी अटकलबाजी अस्वीकार्य है। ऐसे कयासों की पुरजोर तरीके से निंदा की जानी चाहिए। आईसीपीए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया में नैरो-बॉडी बेड़े के पायलटों का निकाय है। भारतीय एयरलाइन पायलट संघ ने भी शनिवार को एअर इंडिया विमान दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग की थी। उनकी ओर से दावा किया गया था कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच का लहजा और दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत देती है। उन्होंने आरोप लगाया था कि रिपोर्ट में पायलट को गलत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उग्रवादी संगठन LFA-I के दावे का भारतीय सेना ने किया खंडन, कहा- हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं



गुवाहाटी। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा (आई) ने दावा किया है कि भारत-म्यांमार सीमा के पास स्थित उनके कैंपों पर भारतीय सेना ने ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। हालांकि, सेना की ओर से इस दावे की पुष्टि नहीं की गई है। उल्फा (आई) ने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि हमले सुबह के समय ड्रोन से किए गए और उनके कई मोबाइल कैंपों को निशाना बनाया गया। संगठन ने कहा कि इस हमले में उनके लोअर काउंसिल के चेयरमैन नयन आसम उर्फ नयन मेधी की मौत हो गई, जबकि लगभग 19 अन्य लोग घायल हुए हैं। जब इस बारे में भारतीय सेना के प्रवक्ता से संपर्क किया गया, तो उन्होंने ऐसे किसी भी हमले की जानकारी से इनकार किया। लेफ्टिनेंट कर्नल महेन्द्र रावत ने कहा, भारतीय सेना के पास ऐसी किसी कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद LFA ने एक और बयान जारी कर दावा (शेष पृष्ठ 6 पर...)


## भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर पथराव, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मामला, जांच शुरू



बेमेतरा। बेमेतरा में कल शनिवार रात को आरंग से भाजपा विधायक व सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब के काफिले पर पथराव हुआ था। वे नवागढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रायपुर लौट रहे थे। तभी बेमेतरा-रायपुर बायपास पर भोईनाभांठा के पास उनकी कार पर अचानक पथराव हुआ। इस हमले में उनकी कार के सामने के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। अब मामले में पुलिस ने एक्शन लिया है। बेमेतरा सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 324(4) व 125(ए) के तहत मामला दर्ज किया है।

दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि कार के सामने कांच में एक पत्थर टकराने से आरंग विधायक खुशवंत साहेब की बांये हाथ में कांच का टुकड़ा लगने से चोट आया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। दूसरी ओर विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट कर कहा कि...नवागढ़ प्रवास के दौरान मेरे ऊपर हुए कायरतापूर्ण हमले की खबर से आप सभी शुभचिंतकों, क्षेत्रवासियों, समाजजनों एवं समर्थकों की चिंता एवं व्याकुलता स्वाभाविक है। परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के आशीर्वाद से मैं सुरक्षित व स्वस्थ हूं। परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की कृपा व आप सभी के शुभकामनाओं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सीएम साय ने खुशवंत साहेब से की बात, जाना हाल- चाल, बोले- साजिश नहीं लगती, जांच होगी



रायपुर। छत्तीसगढ़ के आरंग विधायक खुशवंत साहेब की गाड़ी पर असामाजिक तत्वों ने पत्थरबाजी कर दी थी। जिसके बाद सीएम विष्णुदेव साय ने उनसे बातचीत कर हालचाल जाना। सीएम श्री साय ने कहा कि, मैंने उनसे बात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली है। विधायक खुशवंत साहेब के ऊपर हमले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि, मैंने उनसे बात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली है। हम जांच करवा रहे है, जो सामने आएगा उस आधार पर कार्यवाही होगी। किसी भी तरह की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत को जल्द मिलेगी डेंगू की वैक्सीन

नई दिल्ली। भारत अपनी पहली स्वदेशी डेंगू वैक्सीन बनाने के और करीब पहुंच गया है। पहले और दूसरे चरण की सफलता के बाद भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और पैनेसिया बायोटेक द्वारा डेंगीआल वैक्सीन के तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल किया जा रहा है। अब तक लगभग आठ हजार प्रतिभागियों ने नामांकन कराया है। अभी भारत में डेंगू के लिए कोई एंटीवायरल उपचार या लाइसेंस प्राप्त वैक्सीन नहीं है। आईसीएमआर के विज्ञानियों के अनुसार, डेंगीआल के तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल में लगभग 10,500 प्रतिभागियों का नामांकन देश के 20 केंद्रों पर अक्टूबर तक पूरा होने की उम्मीद है। भारत की स्वदेशी टेट्रावैलेंट एक डोज वाली डेंगू वैक्सीन डेंगीआल को पैनेसिया बायोटेक ने विकसित किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# आज श्रावण का पहला सोमवार : शिवभक्ति में लीन शहर

राजनांदगांव (दावा)। आज श्रावण मास का प्रथम सोमवार है और इसी के साथ शहर व अंचल में शिव भक्ति की बयार बहने लगी है। भगवान भोलेनाथ को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा जाएगा। श्रावण के पहले सोमवार को मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। जहां वे भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक करेंगे। भक्त बेलपत्र, बिल्व फल, नारियल, अगरबत्ती, धूप और अन्य पूजन सामग्री अर्पित करेंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक किया जाएगा और 'डम-डम डमरू' की ध्वनि के साथ 'भगवान शिव के जयकारे' गूंजते रहेंगे। शहर के प्रमुख मंदिरों जैसे जी.ई. रोड स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग पाताल भैरवी मंदिर, रेवाडीह स्थित पाताल फोड़ शिवलिंग मंदिर, सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर, लखोली नाका स्थित शिव मंदिर और अन्य शिवालयों में भक्तिमय माहौल रहेगा। ऊं नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारे पूरे वातावरण में गूंजेंगे, जिससे शहर से लेकर गांवों तक पूरा माहौल शिवमय हो जाएगा।

### शहर में सजी पूजा सामग्रियों की दुकानें

इस साल श्रावण मास में चार सोमवार हैं, और भक्तों ने शिव पूजा की पूरी तैयारी कर ली है। शहर के जयस्तंभ चौक, मुख्य मार्केट गोलबाजार, गंज चौक स्थित हाट बाजार और अन्य स्थानों पर पूजा सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं। व्यवसायी दूब, बेलपत्र, बिल्व फल, आक के फूल, कनेर फूल, पान, सुपारी सहित अन्य पूजा सामानों का 40 रुपये का सेट बनाकर बेच रहे हैं। जयस्तंभ चौक पर सजी इन दुकानों पर ग्राहकों



मंदिरों में शिव पूजन की भव्य तैयारी, पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी

की अच्छी भीड़ देखी जा रही है। आज सावन सोमवार पर दूध, दही से लेकर नारियल, केला और अन्य मौसमी फलों की भी खासी मांग रहेगी।

### भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर की भव्य शोभायात्रा और सिंघोला मंदिर में विशेष आरती

हॉकी और गणेश विसर्जन की झांकियों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन पिछले कुछ सालों से यह भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा के लिए भी जाना जाने लगा है। महाकाल सेना के पवन डागा, राजू डागा और पर्यटन मंत्री नीलू शर्मा जैसे लोगों द्वारा श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को उज्जैन की तर्ज पर निकाली जाने वाली महाकाल यात्रा की शहर में धूम रहती है। आज श्रावण मास के पहले सोमवार को दोपहर 2 बजे महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

महाकाल सेना के संयोजक पवन डागा ने बताया कि सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में इस वर्ष भी सावन उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आज, 14 जुलाई को, प्रथम सावन सोमवार के अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में तड़के 2:30 बजे बाबा महाकाल की भस्म आरती होगी। जिसके बाद सुबह 4 बजे श्रृंगार आरती की जाएगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे धूमधाम के साथ बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकलेगी, जिसका बाजे-गाजे के साथ महाकाल भक्त झूमते-नाचते हुए शहर भ्रमण करेंगे। महाकाल सेना द्वारा इस बार कुल 12 पालकी यात्राएं निकाली जाएंगी। राजू डागा ने बताया कि इन 12 पालकी यात्राओं में आसपास के डोंगरगाँव, डोंगरगढ़ और खैरागढ़ क्षेत्रों के कस्बों में भी महाकाल की भव्य पालकी यात्राएं निकाली जाएंगी।

## धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक धारदार कटीलानुमा चाकू जप्त किया है।



लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि रविवार 13 जुलाई को हमराह स्टाफ के वारंटी पतासाजी पर देहात रवाना हुआ था कि जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ट्रांसपोर्ट नगर चौक जी.ई. रोड किनारे सार्वजनिक स्थान पर अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर लहरा रहा है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। जिससे आने-जाने वाले लोगों में डर व भयभीत होकर इधर उधर भाग रहे है।

मुखबीर के बताये हुए स्थान पर पहुंचकर राह चलते गवाहों के समक्ष मौके पर पहुंचकर आरोपी साजिद खान पिता सफीक खान 18 वर्ष निवासी नंदई गोड़पारा वार्ड नं. 42 की घेराबंदी करने पर वह पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। जिसे मौके पर पकडकर गवाहों के समक्ष धारदार चाकूनुमा हथियार को बरामद कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से धारदार कटीलानुमा चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित सउनि शोभाराम बेरवंशी, आर. राकेश ध्रुव, राकेश ठावरे की भूमिका सराहनीय रही।

## 42 वाहन मालिकों ने कराया एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु पंजीयन



राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर-नवागांव स्थित कर्मा साहू सामाजिक भवन में आज एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नगर इकाई साहू समाज और भाजपा के सहयोग से परिवहन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इस शिविर में कुल 42 वाहन मालिकों ने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नंबर प्लेट के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया। शिविर को सफल बनाने में प्रमुख रूप से योगेश साहू, खेमलाल साहू, लेखचंद साहू, नंदलाल साहू, सुरेंद्र साहू, लोकेश साहू, खिलेंद्र साहू, धीरज साहू, देवानंद साहू और परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया।

## जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने 2 मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की





राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज अंतिम दो मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की है। सुमीत सिंह भाटिया राजनांदगांव उत्तर मंडल के अध्यक्ष एवं चंद्रभान जंघेल व विनोद भारती महामंत्री, नरेंद्र हंसा कोषाध्यक्ष बनाए गए। राजनांदगांव उत्तर मंडल से अध्यक्ष- सुमीत सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष- मदन यादव, हेतल भोजानी, सज्जन सिंह ठाकुर, श्रीमती शालू वर्मा, महामंत्री- चंद्रभान जंघेल विनोद भारती, कोषाध्यक्ष- नरेन्द्र हंसा, सह कोषाध्यक्ष- नरेश कोचरे प्रमोद साहू, मंत्री- संजय रात्रे, श्रीमती सरिता यादव, श्रीमती नेहा शर्मा, सुश्री रानू मेश्राम, कार्यालय मंत्री- मनोहर साहू, सह कार्यालय मंत्री- श्रीमती प्रेमा सोनकर, मनीष श्रीवास्तव, मिडिया प्रभारी कबीर साहू, अंकित गढ़वाल, सोशल मीडिया प्रभारी कमल सिंह धुर्वे, सह सोशल मीडिया प्रभारी अशोक सिन्हा को बनाया गया है।

### प्रशांत 'गोलू' गुप्ता राजनांदगांव दक्षिण मंडल के अध्यक्ष नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनांदगांव दक्षिण मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रशांत 'गोलू' गुप्ता को मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके साथ अशोकादित्य श्रीवास्तव और बलवंत साव महामंत्री की जिम्मेदारी संभालेंगे। जबकि दामू भूतड़ा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

**नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची :** अध्यक्ष - प्रशांत 'गोलू' गुप्ता, उपाध्यक्ष- गितेश गुप्ता, प्रकाश मारकंडे, श्रीमती भानू साहू, रवि साहू, महामंत्री- अशोकादित्य श्रीवास्तव, बलवंत साव, कोषाध्यक्ष- दामू भूतड़ा, सह कोषाध्यक्ष- राकेश यादव, मनोज यादव, मंत्री- प्रवीण शुक्ला, श्रीमती रेवती साहू, श्रीमती देवकी देवांगन, श्रीमती रश्मि साहू, कार्यालय मंत्री- सुरेश साहू, सह कार्यालय मंत्री- राज सोनकर, डिम्पल सेन, मीडिया प्रभारी- मनोज मिश्रेकर, सह मीडिया प्रभारी- रोहित अवचट, सोशल मीडिया प्रभारी- चेतन यादव, सह सोशल मीडिया प्रभारी- नरेश सारथी आदि बनाए गए है। भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा, रविंद्र वैष्णव और सौरभ कोठारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उनसे आह्वान किया है कि वे आने वाले समय में संगठन के कार्यों में पूरी लगन और निष्ठा के साथ जुट जाएं।

## सफाई व्यवस्था की खुली पोल : टूटी नालियां, कचरे से भरे नाले







राजनांदगांव (दावा)। बारिश के दिनों में भी शहर के नाले-नालियों का कचरे से भरा होना नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहा है। ऐसे समय में जब नालियों से कचरा और गंदगी बहकर निकल जानी चाहिए, महीनों से जिन नाले-नालियों की सफाई नहीं हुई है, वहां गंदगी का जमावड़ा लगा है। टूटे-फूटे किनारों वाली नालियां भी किसी का ध्यान आकर्षित नहीं कर पा रही हैं, जिससे कचरा महीनों, बल्कि सालों से जमा होता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। शहर के दो दर्जन से ज्यादा वार्डों में सफाई का काम ठेके पर चल रहा है, जबकि आधे वार्डों की जिम्मेदारी निगम के पास है। इसके बावजूद शहर के नाले-नालियों की यह दुर्दशा सफाई ठेकेदारों और निगम के सफाई कर्मियों की घोर लापरवाही को दर्शाती है। शहर के बीचों-बीच स्थित रामाधीन मार्ग की टूटी-फूटी नालियां और अन्य स्थानों पर कचरे से भरे नाले-नालियां शहर की सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर कर रहे हैं।

**जिला चिकित्सालय के सामने नाले में कचरा, दुर्गंध से लोग बेहाल**

### जिला चिकित्सालय की नालियां भी जाम

निगम द्वारा बारिश से पहले शहर के नाले-नालियों की साफ-सफाई कर लिए जाने का दावा किया जा रहा था। रामाधीन मार्ग की कचरा-गंदगी से भरी और टूटी-फूटी नालियां इस दावे की पोल खोल रही हैं। वहीं दूसरी ओर, जिला चिकित्सालय के आसपास के नाले-नालियों की भी यही दुर्दशा बनी हुई है। अस्पताल के सामने का बड़ा नाला किसी भी दृष्टि से सुधारा नहीं जा सकता, क्योंकि इसके आगे इंदिरा नगर के समीप नाला अतिक्रमण के कारण काफी संकरा हो गया है। इससे गंदे पानी की निकासी पूरी तरह नहीं हो पाती। निगम द्वारा नाले के पास का कचरा साफ कर दिया जाता है, लेकिन हर दूसरे दिन वहां कूड़ा-कचरा आकर फिर से भर जाता है। चिंता की बात यह है कि जिला चिकित्सालय के सामने बसंतपुर रोड के उस बड़े नाले में उग आई जलकुंभियों को भी नहीं निकाला जा सका है। ऐसे में यह कहना मुश्किल है कि कचरा-गंदगी से बजबजा रहे उक्त बड़े नाले की साफ-सफाई हो रही है। बारिश के दिनों में उक्त नाले का गंदा पानी अस्पताल परिसर में पसर जाता है, जिससे डॉक्टर कॉलोनी के चिकित्सकों को अपने क्वार्टर से निकलना मुश्किल हो जाता है।

### नाले से उठ रही भयंकर बदबू, फैल रहा प्रदूषण

जिला चिकित्सालय के राजीव नगर वाले हिस्से में 100 बिस्तर वाले मातृ-शिशु अस्पताल की ओर बड़ी नालियां और सड़कें बनी हुई हैं। ये सड़कें बारिश में टूट-फूटकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। इस ओर न तो वार्ड पार्षद का ध्यान है और न ही नगर निगम ध्यान देना चाहता है। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने यह मुद्दा उठाया है, लेकिन उनकी कोई सुनता नहीं। यही नहीं इस ओर बहने वाली नालियां भी कचरे से भरी पड़ी हैं। अस्पताल के लोहे के बड़े गेट के बाई ओर नाले के ऊपर दुकानें बनी होने से नाले की समुचित सफाई नहीं हो पाती। दुकान के नीचे की नाली कचरे से भरी होने के कारण गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इससे वहां बदबू का माहौल बना हुआ है, जो अस्पताल में भर्ती लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में जब लोगों की स्वास्थ्य बेहतरी के लिए बने अस्पताल के सामने ही वातावरण प्रदूषित रहे तो व्यक्ति कैसे स्वस्थ रह सकता है?

बताते चलें कि जिला चिकित्सालय के सामने के इन नाले-नालियों को और भी अधिक चौड़ा कर गंदे पानी की निकासी को सुगम बनाने के लिए सवा तीन करोड़ रुपये के प्रस्ताव हुए हैं, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। इससे अस्पताल आने वाले रोगियों, उनके परिजनों, डॉक्टरों, नर्सों सहित स्टाफ के लोगों को इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## भाजपा ग्रामीण मंडल पश्चिम अध्यक्ष मनोज साहू ने की अपने टीम की घोषणा











राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज ग्रामीण मंडल पश्चिम की कार्यकारिणी की घोषणा की है।

मनोज साहू राजनांदगांव पश्चिम मंडल के अध्यक्ष एवं बलराम निर्मलकर, मोतीलाल देवांगन महामंत्री कृष्णा साहू कोषाध्यक्ष बनाए गए। राजनांदगांव पश्चिम मंडल से अध्यक्ष- मनोज साहू, उपाध्यक्ष- रमेश चंद्राकर, मुकेश साहू, श्रीमती पुष्पा उईके, श्रीमती उषा साहू, महामंत्री- बलराम निर्मलकर, मोतीलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष- कृष्णा साहू, सह कोषाध्याक्ष- गोविन्द वर्मा, मंत्री- हेमदीप साहू, कोमल टंडन, श्रीमती भगवन्तीन निषाद, श्रीमती अनामिका यादव, मिडिया प्रभारी- डेवल साहू, सह मिडिया प्रभारी- हिपेन्द्र साहू, सोशल मीडिया प्रभारी- राकेश साहू, सह सोशल मीडिया प्रभारी- टुकेश्वर साहू, कार्यालय प्रभारी- गुणीत साहू, सह कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र साहू को बनाया गया है।

**बलराम, मोती देवांगन बनाए गए महामंत्री, रमेश, मुकेश को उपाध्यक्ष की कमान**

**राजनांदगांव पश्चिम मंडल-** लाला देवांगन, गुलाब वर्मा, प्रमोद गहने, मिथलेश साहू, चोवाराम साहू, छत्रपाल वर्मा, लोकेश सेन, टोमिन लाउत्रे, निशा साहू, शशि साहू, बसंत निषाद, संतोष साहू, शशिकांत गंजीर, महेश्वर निषाद, विष्णु साहू, उत्तम साहू, तारा साहू, इंद्रजीत मानिकपुरी, मनीषा साहू, चित्ररेखा ठाकुर, बिसंतिन नेताम, दीपा साहू, ममता ध्रुव, पुर्णिमा साहू, राम गुलाल यादव, पवन यादव, तिलक वर्मा, प्रभा साहू, लता साहू, झामेश्वर साहू प्रेमचंद साहू, दिलीप साहू, कमलेश निषाद, राजेश साहू, गजेन्द्र वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, वरिष्ठ विवेक साहू, अशोक देवांगन, लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर, देवकुमारी साहू, प्रप्रतिमा चंद्राकर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उज्जवल भविष्य की शुभकानाएं देते हुए आने वाले समय में संगठन के कार्यों में जुट जाने का आव्हान किया है।


SILVER SCREEN MULTIPLEX
11th July to 17th July 2025



Maalik - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Superman (Hindi 2D) - 12:30, 03:30 & 09:30 pm
Jurassic World Rebirth (Hindi 2D) - 06:30 pm
Metro In Dino - 03:15 & 09:15 pm
Sitaare Zameen Par - 12:15 and 06:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी फिल्म
मैं राजा तैं मोर रानी



कला : दीपक साहू, एल्सा घोस, पुष्पेन्द्र सिंग
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


## कबाड़ी गिरफ्तार : आरोपी से पुरानी गाड़ियों का हेड, ट्रक का कटा हुआ ड्रेसबोड, एक सिलेण्डर, गैस कांटने का पाईप किया ज़ब्त

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध कबाड़ का धंधा करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से पुरानी गाड़ियों के हेड, ट्रक का कटा हुआ 2 नग डेसबोर्ड, एचपी कंपनी का एक नग सिलेंडर व नोजल लगा हुआ गैस काटने का पाईप को जब्त किया है।



बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि उक्त आरोपी के अलावा दो आदतन बदमाश व असमाजिक तत्वो पर भी प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही की गई है। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायायल के समक्ष पेश किया गया है। उन्होंने बताया किपुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर गिरफ्तारी वारंटी , आपराधिक, एवं असमाजिक तत्वो एवं शहर एवं देहात में अवैध रूप से संचालित कबाडी दुकानो की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है।

उक्त निर्देश के तहत रविवार 13 जुलाई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बनभेडी में डिस्पोजल गैरेज में अवैध रूप से गाड़ियों को गैस सिलेण्डर से कांटकर कबाडी में बदल रहा हे। सूचना पर बताये स्थान पर दबिश दिए जाने पर वहां एजाज खान पिता अयाज खान निवासी तुलसीपुर के द्वारा पुरानी ट्रक के समानो को गैस कटर से कांटते हुए मिला जिसके संबंध में उक्त पुरानी गाड़ी के सामानो के बारे मे वैध दस्तावेज पेश करने हेतु दिया जो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया। इस दौरान पुलिस ने एजाज खान के कब्जे से पुरानी ट्रक का हेड, 02 नग पुरानी ट्रक का कटा हुआ ड्रेसबोड, एक नग एच0पी0 कंपनी का सिलेण्डर, गैस कांटने का पाईप जिसमें नोजल लगा हुआ जप्त कर उसके खिलाफ क्रमांक 01/2025 धारा 35(3),(6)38 बीएनएसएस के तहत् इस्तगाशा तैयार किया गया।

### दो आदतन बदमाश भी आए पकड़ में

बसंतपुर थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि इस कडी के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले रविकांत पिता नरसिंह 37 साल निवासी न्यू चंद्रा कालोनी व हिमांशु पिता स्व0 ताराचंद वर्मा 32 वर्ष निवासी शंकरपुर वार्ड नं09 पुलिस चौकी के पास लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएसएस के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तारी वारंटी एवं आवेदकगणों को संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय से अनावेदकगणों एवं गिरफ्तारी वारंटी का जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

## शहीदों की याद में पुलिस जवानों का रक्तदान, भाजपा जिलाध्यक्ष ने बढ़ाया हौसला

राजनांदगांव (दावा)। पंडित किशोरीलाल शुक्ल उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र पेण्ड्री में शहीदों की याद में एक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 12 जुलाई 2009 को मानपुर के मदनवाड़ा क्षेत्र के कोरकोट्टी में हुए नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक व्ही.के. चौबे सहित 29 वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया था। उनकी शहादत को नमन करते हुए पुलिस जवानों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। यह शिविर छात्र युवा मंच और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। रक्तदान



शिविर में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और हेलमेट भेंटकर उनके जज्बे को सराहा और उनका उत्साहवर्धन किया।

# शिवनाथ नदी से जल लाने बोल-बम कांवरियों की रहेगी धूम



○ नंदई रोड बना नो हैवी ट्रैफिक जोन
○ डॉ. रमन सिंह के निर्देश पर उपलब्ध कराई गई उक्त व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास लगते ही शहर सहित पूरे अंचल भर में शिव भक्ति की बयार चल पड़ी है। सावन के पहले ही दिन से कांवरियों के बोल बम की का गूंज बनी हुई। कांवरिए शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ से जल भरकर कांवर में रखकर बोल बम का उच्चार करते हुए शहर स्थित शिव मंदिरों में चढ़ाने के लिए ला रहे हैं। इससे श्रद्धा-भक्ती का माहौल बना हुआ है। लोग सुबह से ही शहर से गुजरने वाले बोल बम के कांवडिए को देखने के लिए जुट रहे हैं। ऐसा देखना लोगों को भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने जैसा लग रहा है।

बताते चलें कि श्रावण मास में बोल बम के कांवडिए मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से जल भरकर कांवड़ को कांधे में लिए हुए बोल बम का उच्चार करते हुए नंदई रोड से आते हैं। इस रोड में प्रायः ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। इसे देखते हुए नगर निगम राजस्व विभाग के चेयरमैन पार्षद राजा माखीजा ने नंदई रोड में विशेष यातायात व्यवस्था के लिए क्षेत्र के विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र लिखकर मांग की थी। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत द्वारा सौंपे गए उक्त मांग के संबंध में डॉ. सिंह ने तुरंत संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किया गया। डॉ. सिंह के उक्त त्वरित पहल पर बोल बम के कांवड़ियों के लिए उक्त नंदई रोड शो हैवी ट्रैफिक जोन की व्यवस्था उपलब्ध हो गई। बताया जाता है कि सावन मास में 14 जुलाई से 4 अगस्त तक पड़ने वाले के प्रत्येक सोमवार को प्रातः 6 से 9 बजे तक मोहारा पुल से नंदई चौक तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः बंद रहेगा। यह समय बोल बम के कांवड़ियों के लिए आरक्षित रहेगा। राजस्व विभाग के चेयरमैन, पार्षद राजा माखीजा ने बोल बम के कांवरियों हेतु दी गई इस व्यवस्था के लिए डॉ. रमन सिंह सिंह सहित महापौर मधुसूदन व जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का आभार जताया है।

## जिले के किसान समितियों में लगातार कर रहे खाद-बीज की खरीदी

राजनांदगांव (दावा)। जिले में खेती-किसानी के दृष्टिगत खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। जिले के किसान खेती-किसानी के लिए समितियों में लगातार खाद-बीज की खरीदी कर रहे है एवं उनमें उत्साह है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बागतराई के किसान जीवन मारकण्डेय ने बताया कि आज उन्होंने ढाबा सेवा सहकारी समिति से 3 बोरी डीएपी की खाद ली है। उन्होंने कहा कि अच्छी बारिश हो रही है ओर पर्याप्त मात्रा में खाद मिल गया है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के लिए उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत शून्य प्रतिशत ब्याज पर 58 हजार रूपए की राशि ऋण लिया है, जिससे खेती-किसानी के काम में बहुत मदद मिल हरी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए की राशि प्राप्त हो रही है।

# नगरीय निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिल



राजनांदगांव (दावा)। पूरे प्रदेश भर के नगरी निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्री मूलभूत महत्वपूर्ण मांगों को लेकर लगातार पिछले एक सप्ताह भर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे और अपनी मांगों को लेकर नारा लगाते हुए आवाज बुलंद कर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का लगातार प्रयास कर रहे थे। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांगे जिसमें महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समय पद पदोन्नति प्रदान करने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हम लगातार संघर्षरत है और लगातार शासन को अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयास कर रहे थे इसी बीच शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से संघ के पदाधिकारीयों को मुलाकात के लिए बुलावा आया था।

संघ के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। श्री सोनी ने बताया कि चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही और आने वाले समय पर निश्चित रूप से कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले में प्रमुख रूप से कर्मचारी संघ के संरक्षक संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, वरिष्ठ सलाहकार श्रवण ठाकुर और कर्मचारी ललित साहू उपस्थित थे।

# चिखली पुलिस ने अशांति फैलाने वाले बदमाश पर की कार्रवाई




प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत किया गया जेल दाखिल

राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले गुंडे-बदमाशों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

चिखली चौकी प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने असामजिक तत्वों के विरूद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस के तहत 13 जुलाई रविवार को चौकी चिखली मे आम जनता के शिकायतों के आधार पर अलग अलग टीम गठित कर बदमाशो पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग किया जा रहा था। अभियान कार्यवाही के दौरान मुखबीर सूचना मिली कि शांतिनगर स्कूल के पास एक व्यक्ति दो लोगों के साथ वाद-विवाद कर अशांति फैला रहा है। मौके पर पहुंचकर अशांति फैला रहे बदमाश शेख आलम पिता स्व. शेख अनवर उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं. 9 शंकरपुर को मौके पर पहुंचकर समझाने का प्रयास किया गया। जो पुलिस को देखकर और आक्रोशित होकर वाद-विवाद करने लगा। पुलिस को किसने बुलाया कहकर मरने पर उतारू हो गया। संज्ञेय अपराध की प्रबल संभावना पर अनावेदक के विरूद्ध धारा 170,126,135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आदेशानुसार उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

# आयुक्त विश्वकर्मा ने सब्जी एवं फल विक्रेताओं के साथ की बैठक



गोल बाजार को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने पर चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। शहर के वर्षों पुराने फल एवं सब्जी मार्केट गोल बाजार को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के उद्देश्य से आज निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने टाउन हॉल सभागृह में फल एवं सब्जी विक्रेताओं की बैठक बुलाई।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा, बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य श्रीमती केवरा राय, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी सदस्य श्रीमती वर्षा सिन्हा, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा और विजय राय उपस्थित रहे। इस दौरान व्यवस्थित तरीके से पसरा लगाने, बाजार में साफ-सफाई रखने और सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर फल एवं सब्जी विक्रेताओं से विस्तृत चर्चा की गई।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि गोल बाजार की वर्तमान अव्यवस्था को मिलकर ठीक करना है, और इस संबंध में वे विक्रेताओं से उनके सुझाव भी चाहते हैं। उन्होंने रात में अनुपयोगी सब्जियों को पसरे के सामने फेंकने की समस्या पर चिंता व्यक्त की, जिससे मवेशी इन्हें फैला देते हैं और गंदगी बढ़ती है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने रात 8 बजे एक विशेष गाड़ी लगाने की बात कही, जिसमें विक्रेता अनुपयोगी फल-सब्जियां डाल सकेंगे। विक्रेताओं ने सुबह थोक बाजार से सब्जी लाकर छंटाई के दौरान निकलने वाले कचरे के लिए भी सुबह कचरा गाड़ी लगाने का अनुरोध किया, जिस पर आयुक्त ने सुबह 2 घंटे के लिए गाड़ी लगाने का आश्वासन दिया।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने विक्रेताओं से अपने पसरे और उसके आसपास साफ-सफाई रखने, सामान फैलाकर न रखने और व्यवस्थित तरीके से लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कई लोग सामान फैलाकर रखते हैं, जिससे ग्राहकों को सब्जी खरीदने में और आने-जाने में परेशानी होती है। उन्होंने कुछ फल विक्रेताओं द्वारा बाजार के प्रवेश स्थल के पास ही पसरा लगाने पर आपत्ति जताई, जिससे आवागमन और पार्किंग में समस्या होती है। उन्होंने ऐसे विक्रेताओं से पसरा बाजार के अंदर लगाने को कहा। आयुक्त ने जोर देते हुए कहा कि 'हम सबका शहर है और शहर को साफ रखना हमारी महती जिम्मेदारी है। बाजार क्षेत्र शहर का मुख्य बिंदु होता है, इसलिए इसे साफ एवं व्यवस्थित रखना है।' शौचालय की कमी और मवेशियों के बाजार में प्रवेश की समस्या पर आयुक्त ने बताया कि बाजार में सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे विक्रेताओं को सुविधा होगी। उन्होंने विक्रेताओं से शौचालय को साफ-सुथरा रखने का आग्रह भी किया। मवेशियों को रोकने के लिए उन्होंने राजगामी विभाग से चर्चा कर गेट लगाने की कार्रवाई करने की बात कही, जिससे बाजार स्वच्छ रहेगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर आयुक्त ने कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण में सबसे बड़ा बाधक है और शासन द्वारा इसके विक्रय व उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने विक्रेताओं से पॉलीथीन का उपयोग न करने, प्लास्टिक बेचने वालों से शासन के मापदंडों के अनुसार पॉलीथीन देने को कहने और खरीदारों को थैला लेकर आने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। सब्जी विक्रेताओं ने सुझाव दिया कि कुछ अभिभावक बच्चों को बिना थैले के सब्जी लेने भेज देते हैं, जिससे उन्हें पॉलीथीन में देना पड़ता है। इसे रोकने के लिए आयुक्त ने स्कूलों में बच्चों को पॉलीथीन का उपयोग न करने की समझाइश देने और इस संबंध में मुनादी कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विक्रेताओं के सुझावों पर अमल किया जाएगा और निगम द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा ने विक्रेताओं से अनुपयोगी फल-सब्जी को एकत्रित कर कचरा गाड़ी में ही डालने और प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह स्वच्छता बनाए रखने का एक अच्छा प्रयास है और विक्रेताओं की सुविधा के लिए ही यह बैठक बुलाई गई है। उन्होंने निगम को व्यवस्था सुधारने में सहयोग करने का आग्रह किया। पूर्व पार्षद शरद सिन्हा ने सुलभ शौचालय के पास बचे सब्जी के कचरे को न डालने की बात कही, क्योंकि इससे गायें कचरा फैलाती हैं और गंदगी बढ़ती है। उन्होंने बाजार में प्रवेश के पास दुकान न लगाने और अंदर बने पसरे का उपयोग करने की भी सलाह दी। आयुक्त ने अंत में कहा कि आज बैठक में जो चर्चा हुई है, उसे अमल में लाना है और बाजार को व्यवस्थित एवं साफ करने में सभी को सहयोग करना है। उन्होंने किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पार्षद या निगम से संपर्क करने को कहा।

# गौठान परिसर में लहराएगी हरियाली : सिंघोला पंचायत में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम पंचायत सिंघोला में हाल ही में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत गौठान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपे गए, जो भविष्य में गांव को हरा-भरा बनाने में सहायक होंगे।

इस अवसर पर जनपद सदस्य खुशबू राकेश साहू और सरपंच मुकेश साहू सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनपद सदस्य खुशबू राकेश साहू ने इस दौरान वृक्षों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'वृक्ष प्रकृति का वरदान हैं। इनसे जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। गांव के गौठान में लगाए गए ये पौधे न केवल पर्यावरण को संबल देंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी हरियाली की सौगात देंगे।÷ उन्होंने वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण की आवश्यकता पर भी बल दिया और सभी से मिलकर इन पौधों की देखभाल करने का आग्रह किया।

सरपंच मुकेश साहू ने बताया कि गौठान परिसर में छायादार, फलदार और औषधीय प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। ये पौधे गांव के सौंदर्य को बढ़ाने के साथ-साथ मवेशियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होंगे। ग्राम पंचायत ने पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाने और नियमित देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर ग्राम पंचायत सिंघोला के सचिव मनोज देवांगन, पंचगण रेणुका ठाकुर, टिकेश्वर, हेमलता चंद्राकर, गिरधारी धनकर, कोटवार विवेक जोशी, योगेश साहू, सदानंद, कुबेर साहू, भान बाई साहू, हर्षिता साहू, सीमा साहू, बुद्धदेव यादव, लक्ष्मी भांडेकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहकर इस पहल का हिस्सा बने।

## डोंगरगढ़ पंचायतों में स्वच्छता सामग्री की 'अनाधिकृत' सप्लाई, सीईओ ने पल्ला झाड़ा



डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायत में बिना किसी आदेश एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के जानकारी के बिना स्वच्छता सामग्री की सप्लाई की जा रही है। सामग्री के पंचायत में पहुंचने पर अनेक सरपंचों द्वारा जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू से जानना चाहा कि किसके आदेश के तहत स्वच्छता सामग्री की सप्लाई पंचायत प्रतिनिधि के बिना जानकारी के की जा रही है। सीईओ भगवती साहू ने सरपंचों को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मेरी ओर से किसी को भी कोई भी सामान छोड़ने नहीं बोला गया है।

> बिना जानकारी के बिना किसी आदेश के सामान की सप्लाई को लेकर पंचायत के जनप्रतिनिधियों में तीखी प्रतिक्रिया देखने-सुनने को मिल रही है। मेरी ओर से किसी को भी कोई भी सामान छोड़ने नहीं बोला गया है।
>
> – भगवती साहू, जनपद सीईओ

# 'दिमाग में आइस फैक्ट्री और जुबान में शुगर फैक्ट्री हो तो कभी विवाद नहीं होगा' - वीरभद्र मुनि



राजनांदगांव (दावा)। विनय कुशल मुनि के सुशिष्य, वीरभद्र (विराग) मुनि ने आज राजनांदगांव में अपने प्रवचन में कहा कि यदि भूमि को फलदायक बनाना है तो उसे नम बनाना होगा, फिर उसमें बीज और खाद डालना होगा। ठीक इसी तरह, मोक्ष पाने के लिए आत्म-कल्याण के मार्ग पर कदम बढ़ाना जरूरी है। और इसके लिए सबसे आवश्यक है कि 'दिमाग में आइस फैक्ट्री और जुबान में शुगर फैक्ट्री हो।' उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि ऐसा हो जाए, तो कभी झगड़ा नहीं होगा और व्यक्ति प्रसन्नचित्त मन से साधना कर पाएगा।

### 'आत्मा को मोक्ष से जोड़ना ही योग है'

जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में अपने नियमित प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि आत्मा को मोक्ष से जोड़ना ही योग है। मुनिश्री ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि हमने ज्ञानियों के ज्ञान को केवल लाइब्रेरी की शोभा बनाकर रख दिया है, लेकिन उसे अपने मन के भीतर की शोभा नहीं बना पाए। यदि हम ज्ञानियों के ज्ञान को अपने मन में संजोते, तो हम आत्म-कल्याण के मार्ग की ओर बढ़ जाते। उन्होंने आगे कहा कि अपना जीवन गुरु को समर्पित कर दें और उनके बताए मार्ग पर चलें, तो आप आत्म-कल्याण के मार्ग की ओर अग्रसर होंगे। इसके लिए समर्पण और विश्वास का भाव होना अत्यंत जरूरी है। मुनिश्री ने 'साधु है तो शासन है, साधु नहीं तो शासन भी नहीं' कहकर साधुओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

जैन संत ने फरमाया कि जिस दिन व्यक्ति का चित्त शांत हो जाएगा, उस दिन से उसके भीतर ज्ञान का प्रवेश होने लगेगा। उन्होंने कहा कि हमें किसी व्यक्ति के प्रति द्वेष नहीं रखना चाहिए। यह भव (जन्म) हमें मिला है, तो इसका सदुपयोग करें। हमें अपनी कमियों को दूर कर आत्म-कल्याण के मार्ग की ओर बढ़ना चाहिए। मुनिश्री ने जोर दिया कि ये चार माह आत्म-कल्याण की ओर अग्रसर करने वाले हैं और इस मौके को चूकना नहीं चाहिए। इस चार माह में मन शांत रखकर ध्यान और आराधना करें और आत्म-कल्याण के मार्ग पर कदम बढ़ाएं।

# यादगार लम्हें : कायस्थ समाज राजनांदगांव ने चार होनहार प्रतिभाओं का किया सम्मान



दार्जिलिंग और मलेशिया में शानदार उपलब्धियां, नगर और समाज का बढ़ाया मान

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव में 'यादगार लम्हें कायस्थ समाज' द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में समाज की चार होनहार प्रतिभाओं–गरिमा, शताक्षी, सारण्य और अचिंत्य–को सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने हाल ही में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर न केवल राजनांदगांव का, बल्कि पूरे समाज और देश का नाम रोशन किया है। इन चारों बच्चों ने दार्जिलिंग में कथक रॉकर्स संस्था द्वारा आयोजित ऑल इंडिया नेशनल डांस, म्यूजिक, फाइन आर्ट कॉम्पिटिशन एंड फेस्टिवल में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश भर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जहां राजनांदगांव के इन बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा से निर्णायकों और दर्शकों, दोनों को प्रभावित किया।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमके अचिंत्य श्रीवास्तव

इसके अतिरिक्त, अचिंत्य श्रीवास्तव ने मलेशिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस बड़ी उपलब्धि ने भारत के साथ ही राजनांदगांव और कायस्थ समाज का नाम भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में अचिंत्य ने अपने गणितीय कौशल, तेज गति और सटीकता का शानदार प्रदर्शन किया।

### सम्मान समारोह में हुई सराहना

इन उल्लेखनीय सफलताओं के उपलक्ष्य में 'यादगार लम्हें कायस्थ समाज' ने एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर गरिमा, शताक्षी, सारण्य और अचिंत्य को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक, परिजनों और नगर के अनेक प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने इन बच्चों को समाज और नगर की धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि इनकी मेहनत, लगन और समर्पण आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने यह भी दोहराया कि कायस्थ समाज हमेशा से शिक्षा, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें मंच प्रदान करने का प्रयास लगातार करता रहेगा।

वक्ताओं ने बच्चों की इस सफलता को उनके माता-पिता, शिक्षकों और प्रशिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम भी बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में ये बच्चे और भी बड़े मंचों पर सफलता प्राप्त कर राजनांदगांव और समाज का नाम रोशन करेंगे। इस सम्मान समारोह में 'यादगार लम्हें' के प्रमुख सदस्य सुश्री उषा दीदी, श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव, श्रीमती शशि बाला श्रीवास्तव, सुशी शोभा श्रीवास्तव, श्रीमती डॉ. नीलू श्रीवास्तव, श्रीमती मधुबाला श्रीवास्तव, श्रीमती ऋतु रायज्यादा, श्रीमती लीना श्रीवास्तव, श्रीमती शैली श्रीवास्तव, श्रीमती हेमलता श्रीवास्तव, श्रीमती जया श्रीवास्तव, श्रीमती अमित श्रीवास्तव, श्रीमती संजना श्रीवास्तव और श्रीमती कुमुदिनी श्रीवास्तव सहित समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# शहीदों के नाम रक्तदान शिविर का आयोजन

## एसपी सहित 30 अधिकारी कर्मचारियों ने किया रक्तदान







राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित राजनांदगांव जिले के मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोरकोटटी में पुलिस एवं नक्सली मुठभेड़ में लोहा लेते हुए शहीद हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक व्ही.के. चौबे सहित 29 जवान वीर गति को प्राप्त हो गए थे। जिनकी याद में जिला पुलिस बल एवं यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप के द्वारा शहीदों के नाम रक्तदान शिविर का आयोजन पुलिस लाइन के मंगल भवन में किया गया। शहीदों की याद में रक्तदान कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमें जिले के पुलिस कप्तान मोहित गर्ग सहित अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर सहित स्वास्थ्य परीक्षण कभी आयोजन किया गया। जिसमें उदयाचल धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रुद्र प्रताप सिंह ठाकुर डॉ. नीतू सिंह रॉयल डेंटियर राजनांदगांव, योगेश सोनी राधेश्याम ऑर्थो केयर, डॉक्टर रोमा माखीजा फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ. चंचल रानी जंघेल सुंदरा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, अखिलेश पंत आस्था पैथोलॉजी लैब, डॉ. अश्वनी शेट्टी दिवाकर कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. हरीश तलरेजा आयुष्मान हॉस्पिटल, ब्लड बैंक जिला अस्पताल के काउंसलर जगदीश सोनी, सीके कश्यप ने अपनी सेवाएं दी।

इस अवसर पर डीजे राजनांदगांव श्रीमती सुषमा सावंत, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व हेमा देशमुख, अध्यक्ष पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, सचिन बघेल, कुलबीर छाबड़ा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, एडीएम सीएल मारकंडे, एसपी मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी चिराग जैन, एसपी ऑफिस राहुल देव शर्मा, आइटीबीपी डीसी जीतू जेम्स, डीएसपी श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, लाइन अफसर राजू साहू व जिले के गणमान्य नागरिक पुलिस परिवार अधिकारी कर्मचारी शहीद परिवार उपस्थित हुए।

## अनमोल दावा

> जीवन एक संघर्ष है, लेकिन जब तक हम संघर्ष करते रहते हैं, सफलता हमारे साथ होती है।

# मतदाता सूची के सत्यापन पर व्यर्थ का शोर

कांग्रेस और अन्य दलों ने मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर चुनाव आयोग पर जो तमाम आरोप लगाए उनसे यही अधिक साफ हुआ कि वे पुरानी मतदाता सूचियों के सहारे चुनाव कराना चाह रहे हैं और यह मानकर चल रहे कि मतदाता सूची के सत्यापन से कुछ ऐसे लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कट सकते हैं जो अब मतदाता नहीं हैं और इससे उन्हें राजनीतिक नुकसान हो सकता है।

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों के पहले चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूची के सत्यापन अर्थात पुनरीक्षण की जो पहल की, उस पर कांग्रेस, राजद समेत अनेक विपक्षी दलों ने आसमान सिर पर उठा लिया। इन दलों ने यह बताने की कोशिश की कि चुनाव आयोग कोई अनुचित, अनावश्यक और असंवैधानिक काम कर रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग के साथ मोदी सरकार पर भी तमाम आरोप लगाए। उनके हिसाब से चुनाव आयोग मतदाता सूची का सत्यापन मोदी सरकार के कहने पर कर रहा है और उसका इरादा किसी न किसी प्रकार भाजपा को चुनावी लाभ पहुंचाना है।

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की इस पहल को महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में हुई तथाकथित हेराफेरी से भी जोड़ा। वह बार-बार यह घिसा-पिटा आरोप दोहरा रहे हैं कि महाराष्ट्र में चुनाव आयोग ने भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए धांधली करवाई। इन आरोपों का चुनाव आयोग ने विस्तार से जवाब दिया है, लेकिन राहुल गांधी और उनके साथ कई विपक्षी नेता सच का सामना करने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। साफ है कि उनके साथ कांग्रेस यह समझने को तैयार नहीं कि उनकी राजनीतिक जमीन कमजोर हो रही है और इसके लिए वे चुनाव आय़ोग पर दोष मढ़कर कुछ हासिल नहीं कर सकते।

मतदाता सूची का सत्यापन कोई नई बात नहीं है। बिहार में ही इसके पहले 2003 में मतदाता सूची का सत्यापन हुआ था। अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी मतदाता बढ़े हैं। बिहार के लाखों लोग रोजगार के सिलसिले में बाहर जाते हैं और कुछ तो वहीं स्थाई रूप से बस जाते हैं। इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि बांग्लादेश से होने वाली अवैध घुसपैठ से पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ-साथ झारखंड और बिहार भी प्रभावित हैं। मतदाता सूची के सत्यापन से न केवल बिहार के वैध-वास्तविक मतदाताओं का पता चलेगा, बल्कि इसकी भी जानकारी हो सकेगी कि कहीं अवैध बांग्लादेशी बिहार में मतदाता तो नहीं बन गए हैं? आखिर जब वे बंगाल में बन सकते हैं तो बिहार में भी इसकी आशंका है।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची का सत्यापन निष्पक्ष चुनाव की बुनियादी शर्त है। यदि समय-समय पर इसकी पड़ताल की जाती रहे कि वास्तविक मतदाता कौन हैं और वे कहां रह रहे हैं तो इसमें क्या हर्ज है? शायद ऐसे ही जायज सवालों के कारण चुनाव आय़ोग की पहल के खिलाफ जिन राजनीतिक दलों और लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, उन्हें निराशा ही हाथ लगी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की पहल पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। इतना अवश्य रहा कि उसने चुनाव आयोग को मतदाताओं के सत्यापन के लिए आधार, राशन कार्ड, वोटर आइडी को भी इस्तेमाल करने का सुझाव दिया।

यह ठीक ही है कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के सुझाव पर अमल करने को तैयार है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग का काम नागरिकता तय करना नहीं है। हालांकि चुनाव आयोग का इस संदर्भ में यह कहना था कि हर मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि नागरिकता तय करने का काम गृह मंत्रालय का है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सही है। यह फैसला चुनाव आयोग की अनावश्यक आलोचना करने वालों को आईना दिखाने वाला है। उसने व्यर्थ की राजनीति करने वालों को सबक सिखाने का ही काम किया। चुनाव प्रक्रिया और चुनाव आयोग पर सवाल पहले भी उठाए जाते रहे हैं। हाल के समय में सबसे ज्यादा सवाल ईवीएम पर उठे हैं। सवाल उठाने वाले दलों में कांग्रेस सबसे आगे है, जबकि उसके समय में ही ईवीएम पर अमल शुरू हुआ। केंद्र की सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस लगातार यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि भाजपा ईवीएम में कुछ गड़बड़ी कराकर चुनाव जीत रही है। वह और उसके सहयोगी राजनीतिक दल जब ऐसे आरोप लगाते हैं तो यह भूल जाते हैं कि वे भी तो चुनाव जीतते रहते हैं। उन्होंने झारखंड में चुनावी जीत हासिल की थी। कांग्रेस यह देखने को तैयार नहीं कि उसके और सहयोगी दलों के प्रत्याशी जितने अंतर से चुनाव हारते हैं, उतनी संख्या में अवैध वोट नहीं डलवाए जा सकते।कोई भी प्रक्रिया अपने आप में संपूर्ण नहीं हो सकती। चुनाव प्रक्रिया में भी कुछ कमियों या विसंगतियों का उल्लेख किया जा सकता है, लेकिन यह हर कोई मानेगा कि समय के साथ भारत की चुनाव प्रक्रिया में सुधार हुआ है और इसी कारण चुनाव आयोग की दुनिया भर में प्रतिष्ठा बढ़ी है। बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन के चुनाव आयोग के फैसले पर विपक्षी दलों ने जो भी सवाल उठाए, वे कुल मिलाकर लोगों को गुमराह करने वाले ही हैं। कांग्रेस और अन्य दलों ने मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर चुनाव आयोग पर जो तमाम आरोप लगाए, उनसे यही अधिक साफ हुआ कि वे पुरानी मतदाता सूचियों के सहारे चुनाव कराना चाह रहे हैं और यह मानकर चल रहे कि मतदाता सूची के सत्यापन से कुछ ऐसे लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कट सकते हैं, जो अब मतदाता नहीं हैं और इससे उन्हें राजनीतिक नुकसान हो सकता है। आखिर वे इस नतीजे पर कैसे पहुंच सकते हैं कि ऐसे लोग उन्हें ही वोट देते? यह अच्छा है कि चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय के सामने साफ किया कि मतदाता सूची के सत्यापन की 60 प्रतिशत प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और विधानसभा चुनावों के पहले शेष काम को पूरा कर लिया जाएगा।

# "B" को "M" न कर सका



- गिरीश बख्शी -

सबेरे से तेज बारिश होने के कारण बैंक में रोज जैसी भीड़ नहीं थी। काउन्टर पर दो-चार लोग थे पर भीतर कमरे में बैठा बैक आफिसर ओंकार तो एकदम फुरसत में था। और जब उसके कमरे में कोई कस्टमर नहीं होता, अतीत अपने आप उसके पास आ जाता है-

''कैश काउन्टर की लाइन में धक्का खाते खड़े बिहारी ने जब देखा भीतर कमरे से काउन्टर की तरफ आते ओंकार को तो उसकी आँखों में चमक आ गई थी। मन निश्चिन्त हो गया था। वह काउन्टर छोड़ ओंकार के पास चला आया था। ओंकार भी बिहारी को अचानक देख खुश हो गया था। लपक कर उससे गले मिला था।-''अरे तुम बिहारी यहाँ कैसे? कब आये सागर से?'' बिहारी ने और भी चकित स्वर में पूछा था-''और मैं कहता हूँ ओंकार! तुम यहाँ बैक में कैसे? तुम्हे तो कालेज में होना था। तुम तो प्रोफेसर बनना चाहते थे न?''

ओंकार को याद है। उसने उसे, अपने कालेज के बूज म फ्रेण्ड बिहारी से कहा था- तुम्हारे प्रश्न का उत्तर यहाँ खड़े-खड़े नहीं दिया जा सकता। चल भीतर बैठते हैं। और उसने बिहारी के बड़े भैया का चेक रामदीन से इनकैश करवा कर रूपया उसे दे दिया था। बिहारी अपने बड़े भैया की शादी की पचासवी साल गिरह समारोह में सागर से आया था। वह वहाँ इन्डस्ट्रीज आफिसर है।

नमकीन के साथ चाय की चुस्की लेकर बिहारी ने कहा-''हाँ तो बता तू कालेल की जगह बैंक में क्यों है? तुझे काम नहीं है अभी, और मेरा काम हो गया है तू आराम से अपनी कहानी सुना। मैं वर्षों बाद तुमसे मिल रहा हूँ। मुझे बड़ी उत्सुकता है। हाँ, तो...।''

ओंकार को उस दिन की एक-एक बात याद आती गई। पैर फैलाकर आराम से बैठते हुए वह कहने लगा था-''मैने बी.ए.पास किया था, उसे ता तुम जानते हो। वैसे तुमने तो सागर से बी.ए. किया था। मुझे तब चाचाजी बधाई देने बिलासपुर से आये थे ढेर सारी नमकीन और मिठाइयाँ लाए थे। उन्होने कहा था-''ओंकार! मेरी बड़ी इच्छा रही है कि मैं लॉ पास करूं और वकील बनूँ तो अब तुम मेरी उस संचित इच्छा को पूरी करो। मेरा बेटा बल्लू तो मैट्रिक ही ले देकर किया है, बी ए क्या करेगा। फिर चाचाजी ने मेरे हाथों को अपने हाथों में भर कर प्रार्थना जैसे की थी- ''तुम जरूर लॉ करो बेटा! जरूर लॉ करो! मुझे आन्तरिक प्रसन्नता होगी। देखो, नहीं मत कहना!'' उनके जाने के बाद बाबूजी ने बताया था- ''जो बैठक में आज हम लोग बैठे हैं, इसे तुम्हारे चाचाजी ने ही तुम्हारे पढ़ने के लिए बनवाया था जब तुम छोटे थे। अब यही टेबल कुर्सी लगाकर पढ़ाई करो और उनके मन की इच्छा को पूरी करो!'' तो बिहारी! मैने लॉ कर लिया, वह भी अच्छे मार्कस से यानी फर्स्ट डिव्हीजन बिहारी ने बड़ी आतुरता से कहा था- चाचाजी तो गद्‌गद हो गये होंगे?'' हाँ रे! खूब गद्‌गद, पर वे भली-भाँति जानते थे कि मुझ जैसा सीधा-साधा ईमानदार प्राणी, वकालत नहीं कर सकेगा। और मैने फिर दर्शन शास्त्र में एम.की तैयारी शुरू कर दी। कालेज के प्रोफेसर गुप्ता साहब मुझे गाइड करने लगे। वे मेरी पढ़ाई मेरे नोट्स से बड़े प्रभावित थे। कहा था- तुम तो ओंकार! फर्स्ट क्लास फर्स्ट पास होगे। कालेज का नाम रोशन करोगे! और यही नहीं, मुझसे भी बढ़िया प्रोफेसर बनोगे! उन्होंने 'बढ़िया' शब्द पर बहुत जोर दिया था।'' उत्सुकता से बिहारी ने पूछा था-''तो फिर तुम दर्शनशास्त्र के कालेज से, अर्थशास्त्र के बैंक में कैसे आ गए?''

मैने तब उससे एक दार्शनिक के लहजे में कहा था-''बिहारी! इस नश्वर जीवन में कब, क्या कैसी घटना घट जाती है इसे कोई नहीं जानता है। आदमी तो वर्तमान में बड़ा उत्साहित रहता है पर भविष्य ने क्या सोचा है, इस विधाता ही जानते हैं।

दिसम्बर में मैने एम.ए. दर्शनशास्त्र का फार्म भर कर फीस जमा करा दिया और अगले माह जनवरी की चौदह तारीख को हम पर दुख का ऐसा पहाड़ टूटा कि मेरे बैंक आफिसर बाबूजी वहीं बैंक में अचानक कार्डिएक अटैक से काम करते-करते इस फनी दुनिया को छोड़ अनजाने लोक में चले गए। मुझ पर घर का सारा बोझ आ गया। चाचाजी ने बाबूजी की जगह मेरी अनुकम्पा नियुक्ति के लिए बड़ी मदद की। और मैं बैंक का कर्मचारी तो हो गया पर 'बी' को 'एम' न कर सका।'' बिहारी चकित हो पूछ उठा था- ''मतलब?'' मैने कहा था- मतलब बीए के बी. को एम. का एम न कर सका।

# दार-चाऊँर के महत्व हमर गाँव-देहात म

हमर छत्तीसगढ़ ल धान के कटोरा कहे जाथै। इहाँ धान के उपज ले ही कोठी-कुरिया छलकथै। धान के पैदावारी ले ही हमर लोकपरम्परा, संस्कृति, रस्म-रिवाज, रहन-सहन अउ खान-पान के निर्वहन जुड़े हावै। इही धान ले चाँऊर होथै; अउ धान के सबले महत्वपूर्ण सहायक फसल दलहन जइसे, राहेर, चना, लाख-लाखड़ी (तिवरा), मूंग, मसूर,उरिद ले दार-पईत मिलथे; जेकर ले हमर छत्तीसगढ़ के खान-पान जुड़े हावै।

'चाँऊर-दार' ल साधारण रूप म देखे जाय तो, ये एक बहुत ही सामान्य अर्थ देथै- चाऊँर अउ दार। व्याकरणिक दृष्टिकोण ले दूनों एक पदार्थवाचक शब्द आय। सामासिक रूप म द्वंद्व समास आय। अब इही चाँऊर-दार शब्द ल उलट दिया या कर दिया जाय, तो बनथै- 'दार-चाँऊर'। येकर एक अलग ही अउ व्यापक अर्थ होथै। हमर छत्तीसगढ़ के गाँव-देहात म दार-चाँऊर एक दान-दक्षिणा स्वरूप लोक-संस्कृति के चिन्हारी आय। हमर ग्रामीण-क्षेत्र म दार-चाँऊर के लेवई-देवई के बड़ महत्व हे। ये एक सामाजिक आत्मीक उपहार आय, जइसे कि कोनो गाँव म कोनों घर बर-बिहाव या मरिया काम-काज होथय, त घरवाले हर अपन पारा-परोस के लोगन या हिती-पिरोती ल नेवता देथै। अपन सुविधा मुताबिक नेवताय लोगन ल खाये बर घर म सामूहिक रूप म बलाथै, जेन ला 'मांदी' कहे जाथै। कोनों कारण ले घरवाले हर नेवताय लोगन ल खाय बर नइ बला पाय, त काम-कारज के निपटे ले खुद घरवाले या फेर वोकर करीबी व्यक्ति ह नेवताय लोगन के घर जाथै; अउ हूँद कराथै- 'घर म कोन हो जी...! सुपा लानहू। दार-चाऊँर झोंकौ।' नेवताय घरवाले ह तुरते सुपा लाथै। नेवता देवइया हर सुपा म करीबन एक गिलास याने पाव भर चाँऊर, ठोमा-अकन दार, थोरिक नून-मिरची, दू-तीन ठन आलू अउ कलेवा म लाड्डू, अरसा अउ बरा-सोंहारी सुपा म मढ़ाथै। ये जम्मो जिनीस लगभग एक मनखे के एक बियारी के भोजन के जिनीस के बरोबर होथै। माने, ये दार-चाँऊर ह वो नेवताय मनखे के भोजन-अस माने जाथै। दार-चाँऊर ह नेवता देवइया याने घरवाले अउ नेवताय पाय मनखे ल प्रसन्नचित्त संतुष्टि के एहसास कराथै। कभू-कभू नइ नेवताय राहँय, तउनो मन ल दार-चाँऊर बाँट दे जाथै। पर आजकल बहुत कम दार-चाँऊर देय-लेय के परम्परा देखेला मिलथै। लगभग ये परम्परा बंद होय के कगार म हावै।

दाँर-चाऊर के देवई-लेवई ह दू मनखे प्राणी अउ घर-परवार ल मया-पिरीत, भाई-बंध, अपनापन अउ एकता जइसे एक मानवीय अउ सामाजिक बंधन ले बाँधथै। येकर ले मनखे ले मनखे के चिन्हारी होथै। हमर गाँव-देहात म एकता बने रहिथे, अउ गाँव के उत्तरोत्तर सामाजिक प्रगति के मार्ग प्रशस्त होथै।

अइसना हमर ग्रामीण-अंचल म लोगन के घर म पधारे बाम्हन-बैरागी, भठरी, बसदेवा, गोरखनाथ बाबा अउ अपन कुलगुरू ल घलो दान-दक्षिणा के रूप म दार-चाँऊर भेंटे के बड़ सुग्घर परम्परा हे। इन्ला देय दार-चाँऊर के जिनीस म लोगन अपन इच्छा अउ हैसियत मुताबिक पइसा-कौड़ी घलो भेंट करथैं। सुपा म दार-चाँऊर भेंटे ये बाह्मन-बैरागी, भठरी, बसदेवा, गोरखनाथ बाबा अउ गुरुबाबा ल बड़ श्रद्धापूर्वक पलयगी करथै। ये सबोझन हर दार-चाँऊर शांतचित्त अउ प्रेमपूर्वक दान-चाँऊर रूप भेंटे दक्षिणा ल ग्रहण करत दार-चाँऊर देवइया ल असीस देथैं। इन्ला दार-चाँऊर देय ले लोगन के हिरदय म श्रद्धाभाव पनपथै। मान-सम्मान झलकथै।

ये दार-चाँऊर देय के परम्परा ह गाँव म सार्वजनिक पूजापाठ-ठउर- मंदिर-देवालय म घलो देखे बर मिलथै। इन ठउर म जादातर माईलोगिन मन ही सुपा के जगा थारी म दार-चाँऊर धरके जाथैं, अउ चढ़ाथैं; अउ देवी-देवता के असीस पाथैं। इँकर दार-चाँऊर म दार, चाऊँर, पइसा, पूजापाठ के जिनीस- नरियर, अगरबत्ती, फूल-पान अउ देवी-देवता के सिंगार के जिनीस रहिथें। कोनों-कोनों गाँव म अपन नियम-धियम अनुसार जुड़वास दिन, बार के दिन याने, सम्मार अउ बिरस्पत के शीतला मंदिर म दार-चाँऊर चढ़ाय जाथै। अइसने ढंग ले गाँव म तीज-तिहार, धार्मिक, सांसारिक व आध्यात्मिक अनुष्ठान के बेरा म घलो लोगन ले दार-चाँऊर देय-लेय अउ चढ़ाय अबड़ सुग्घर हे। अक्सर कोनों तीज-तिहार के मौका म गाँव के नौकर जइसे, राउत के रउतइन ह देवारी के गोबरधन पूजा के दिन अपन ठाकुर घर हाथा देते बर जाथे, त घर-ठाकुराईन हर वोला दार-चाँऊर देथै। अइसने ढंग ले हमर पहिली तिहार हरेली के दिन नऊ, बरेठ, लोहार मन ह, अपन-अपन ठाकुर के घर 'जोहारे बर आ हन ग..आ हन जी...आ हन ओ... कका, काकी, भइया भउजी, दीदी जइसे बड़ सुग्घर नत्ता-गोत्ता सोरियावत' जोहारे बर जाथैं। त घर-गृहस्थी अउ खेती-किसानी के गोठ गोठिया लेथैं। घर-मालकिन हर इन्ला दा-चाँऊर भेंट करथैं। ये जम्मो झन हर घर-मालकिन ल तिहार के बधई अउ असीस देवत बड़ खुशी-खुशी बिदा लेथैं।



टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : इंटरनेट समुद्र में मोती ढूंढें व्यर्थ गोते लगाने और डूबते रहने से बचें

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



कहा जाता है कि विद्यार्थियों के लिए परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। आधुनिक युग में परिश्रम के साथ-साथ नई तकनीकों और जान-विज्ञान के उपकरणों का उपयोग, धैर्य, एकाग्रता, शांत चित्त होना और एक साधक की जीवनशैली अपनाना भी अत्यंत आवश्यक है। आज भटकने के और विचलित होने के अवसर बढ़ गए हैं। आज के युवा छद्म आकर्षणों और प्रलोभनों से बचकर पढ़ाई में ही अपना ध्यान केंद्रित करें, तो उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।

पहले जनसंचार के प्रमुख साधनों में रेडियो, टी. वी और समाचार पत्र ही थे। विद्यार्थीगण पुस्तकालयों में जाकर नई उपयोगी पुस्तकों का अध्ययन करते थे और पुस्तकें निर्गत कराकर अपने घर भी ले जाते थे। अब डिजिटल लाइब्रेरी और ई पुस्तकालय का दौर है। किंतु इससे मुद्रित पुस्तकों का महत्व जरा भी कम नहीं हुआ है।

विद्यार्थीगण अपनी चाही गई पुस्तकों को इंटरनेट के माध्यम से भी पढ़ सकते हैं। अनेक पुस्तकों के पीडीएफ संस्करण भी उपलब्ध होते है। किंतु जो सुविधा पुस्तक के पृष्ठों को छपे हुए रूप में पढ़ने में है, वह डिजिटल माध्यम में कहाँ संभव है? आज अगर यह पूछा जाए कि किस एक चीज से बचकर विद्यार्थी बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं, तो वह है इंटरनेट का व्यसन की तरह उपयोग। मोबाइल फोन पर इंटरनेट की सुविधा ने ज्ञान महासागर को आपकी हथेली पर अवश्य ला दिया है, लेकिन इसने आपके मन मस्तिष्क को पूरी दुनिया में घूमने और भटकने देने का बड़ा खतरा भी उत्पन्न कर दिया है। कोई एक चीज सर्च करते न जाने कितनी साइट्स अपने आप खुलने लगती हैं और अगर आपने अपना काम पूरा करने के बाद इंटरनेट के चक्रव्यूह से बाहर आने का दृढ़ निर्णय नहीं लिया, तो फिर आप उसमें लंबे समय तक उलझ कर रह जाएंगे और वापस ही नहीं लौटना चाहेंगे। मोबाइल और लैपटॉप पर आसानी से उपलब्ध अनेक एप, गेम और अवांछित सामग्रियों से बचना और उचित साइट्स का नियंत्रित तथा समयबद्ध उपयोग करना आवश्यक है। सावधानी बरतते हुए अनेक तरह के डिजिटल अरेस्ट से बचें और स्वयं के समय, श्रम, बुद्धि तथा संसाधनों को गुलाम बनने से बचाएँ।


### इस संबंध में कुछ मौलिक काव्य पंक्तियां:-

*जाल इंटरनेट का उपयोगी है, पर फंसने से बचें।*
*अप्सराओं का सा आकर्षण है, भटक जाने से बचें।*
*मन-मस्तिष्क आपका है, नेट की गुलामी से बचें।*
*इंटरनेट समुद्र में मोती ढूंढें, इसमें डूब जाने से बचें।*

## कविता

### ये तू क्या करती है?

भिगो कर रखती पर्दे चादर, शर्ट पेंट कुरता धोती।
कॉलर की मैल छुड़ाने, भरसक कोशिश करतीं है।।
फिसल न जाए कोई, चिकनाहट को रगड़-रगड़ ।
मग बाल्टी मांज, टॉयलेट बाथरूम साफ करतीं है।।
तुम कहते हो कि अरी! तू नहाने में देर करती है ?
हाथ धोती बार-बार, तब फिर रखती आटा गूंथ।
धो साफ कर सब्जियाँ, वो मसाले तैयार करतीं है।।
बर्तनों को कपड़े से पोंछ, दही जमाती वो खुद ही ।
जुगत में घी के लिए रोज, मलाई एकत्र करतीं है।।
आवाज सुनाई है पड़ता, तू खाना में देर करती है?
खरीदने से पहले सौ-सौ बार, वह देखती परखती।
पैसे बचाने बाजार वह, पैदल ही चल पड़तीं है।।
संकोच न करती मोल भाव, हो चाहे ऊँची दुकान।
भीड़ में वाजिब दाम की, दुकान तलाश करती है।।
सुनना पड़ता बार-बार, तू इतनी देर क्यों करती है?
पति जब जाते काम को, बच्चे जब जाते स्कूल।
पलंग सोफा चादरों की, सलवटें ठीक करती है।।
सब्जियां फ्रीज में रखती, चौका रसोई की सफाई।
पौधों को देती पानी, कमरे साफ सफाई करती है।।
रटा-रटाया सुनती तू बस काम इतनी सी करती है?
समय बेसमय कुछ भी, अतिथि सत्कार में तत्पर।
चाय नाश्ता भोजन का, प्रबन्ध झटपट करती है।।
दाना पानी सकोरे रखना, कभी नही वह भूलती।
हाल चाल जान रिश्तेदारो का वह सेवा करती है।।
सुनना पड़ता बस यही तू दिन भर क्या करती है?
दूध खाना फ्रिज रखती, करती शाम की तैयारियाँ।
छत से सूखे कपड़े लाती, अस्तरी भी वो करती हैं।।
दरवाजे ताले भी गैस नल बिजली चेक करती है।
अंत मे करती कंघी चोटी, ताकि अच्छी लगे तुझे।।
तब भी कहने लगते, तैयार होने में देर करती है ?
बच्चों के भविष्य की चिंता, खाये जाती सदा उसे।
खाना पूछती बच्चों की, पढ़ाई डिस्कस करतीं है।।
व्यवहार की बातों संग, ध्यान रखती नित संस्कार।
याद दिलाती फीस की, किश्त की चिंता करतीं है।
मम्मी तुम आउटडेटेड, तू ट्रेडिशनल बातें करती है?
भोर से पहले उठ जाती, सोती सबके सोने के बाद।
बच्चों के कम नंबर अक्सर, परेशान उसे करती है।।
घर परिवार खातिर, परवाह कहाँ खुद की कभी।
बाँट लेने दर्द अपना अक्सर, खुद से बातें करती है।।
रटा-रटाया सुनना पड़ता, तू बातें कितनी करती है?
याद आता जब मायका, बस अकेले ही रो लेती।
पति बच्चों के सकुशल, आने की प्रतीक्षा करती है।।
मान में ससुराल की, बातें बनाने में दक्षता हासिल।
मन मे आता सबके, कितनी नाटकबाजी करती है।।
पति संग अब बच्चे भी कहते, ये तू क्या करती है ?



रोशन साहू 'मोखला'




## शब्द सामर्थ्य -108

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती हैं, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 107 का हल



## सू- दोकू क्र.108




**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.107 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल



**मेष** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। सोने ङ्क चाँदी का बिजनेस करने वालों को बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन में चल रही अनबन में आज सुधार होगा , रिश्ते में नयापन आएगा। बच्चे आज दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने बाहर जा सकते है। आज सामाजिक मुद्दों पर काव्य रचना की शुरुआत कर सकते है।




**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप दोस्त के साथ मिलकर किसी बिजनेस की शुरुआत की बात कर सकते है। आज आपको रुके हुए धन की प्राप्ति होगी और व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेंगे। आज आपको ऋण से मुक्ति मिलेगी , जिससे आप आगे तरक्की कर पाएंगे। नए विचार आएंगे जो आगे चलकर लाभ दिलाएंगे।




**मिथुन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे, जिसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आप परिवार को लेकर कुछ साहसिक कदम उठाएंगे। अविवाहित व्यक्तियों को आज विवाह प्रस्ताव मिलने के संकेत मिल रहे है। छात्र आज अपनी पढ़ाई को लेकर सीनियर से मदद मांग सकते है।



**कर्क** — आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे जिनका लाभ उठाकर आप आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा, संतान पक्ष से खुशखबरी प्राप्त होगी। महिलाएं घर से किसी काम की शुरुआत कर सकती है, जिसमें उनको बड़ा लाभ होगा।




**सिंह** — आज का दिन आपके लिए उपयोगी रहने वाला है। आज आप अपनी मेहनत और जुनून से अपने सपनों को पूरा करेंगे। प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने वालों के लिए आज अच्छा दिन है। आज आप समाज कल्याण की भावना से ओत ङ्क प्रोत होकर, समाज के लिए कुछ अच्छा करने का प्रयास करेंगे। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात परिजनों से करेंगे।




**कन्या** — आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आप दिनचर्या से जुड़े सारे काम निपटाकर थोड़ा समय अपने लिए भी निकालेंगे। किसी क्षेत्र में रिसर्च कर रहे व्यक्तियों को आज बड़ी उपलब्धि प्राप्त होगी। आज आप कुछ ऐसा काम करेंगे जिससे आने वाले समय में लोग आपसे प्रेरणा लेंगे।




**तुला** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको बिजनेस में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक ङ्क सुख सुविधा में बढ़ोतरी होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे आप लोग बाहर डिनर करने भी जा सकते है। आज आपको काम के सिलसिले में दूसरे शहर जाना पड़ सकता है।




**वृश्चिक** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस को दूसरी जगह शिफ्ट कर सकते है। वकीलों के लिए आज खुशी का दिन है, उनको किसी मुकदमे में जीत हासिल होगी। आज आप पारिवारिक माहौल को अच्छा करने का प्रयास करेंगे। आज आप बड़ों से सलाह करके घर में धार्मिक आयोजन करवा सकते है।




**धनु** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको किसी बड़े सेलेब्रिटी से मुलाकात करने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होगा। आज आपकी जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन में सुधार होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आपके पड़ोसी आपकी तारीफ करेंगे, आपके उनके साथ रिश्ते पहले से बेहतर होंगे।



**मकर** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर बिजनेस को बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे। आज आपको सगे-सम्बन्धियों के माध्यम से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आपको माता का स्नेह मिलेगा जिससे आपका स्ट्रेस दूर होगा। आज आप अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कर सकते है।



**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। आज ऑफिस में आपको बड़े प्रोजेक्ट को लीड करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इस राशि की महिलाओं की रुचि आज रचनात्मक कार्यों में ज्यादा रहेगी, आप घर को सजाने-संवारने का काम करेंगी।



**मीन** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको कपड़े के बिजनेस में बढ़िया धन लाभ होगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे, आपको बड़ा पद भी ऑफर कर सकते है। जीवनसाथी के साथ आज आप कुछ जरूरी मुद्दों पर बात करेंगे। ससुराल पक्ष से आज आपको उपहार प्राप्त होगा, जिससे आपको प्रसन्नता मिलेगी।

# छुईखदान-दनिया मुख्य मार्ग सालों से अधूरा : चार कलेक्टर बदले, हालात जस के तस

छुईखदान (दावा)। छुईखदान नगर और आसपास के क्षेत्र का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। जहां विकास के नाम पर सिर्फ वादे और घोषणाएं हुई हैं, लेकिन हकीकत आज भी अधूरी है। छुईखदान से दनिया तक का लगभग 90 करोड़ की लागत वाला मुख्य मार्ग जिसे क्षेत्र की जीवनरेखा माना जाता है, वर्षों से अधर में लटका है। इसकी हालत अब खैरागढ़ बाईपास सड़क जैसी हो गई है।

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस सड़क निर्माण को लेकर अब तक चार कलेक्टर बदल चुके हैं, लेकिन स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया। इससे पहले, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शिकायत पर मौके का जायजा लिया था। वे पीड़ितों के बीच पैदल भी चले और राजस्व अधिकारी को तत्काल छूटे हुए मकानों को तोड़ने का निर्देश भी दिया था। हालांकि श्री वर्मा के जाने और नए कलेक्टर के आने के बाद भी सड़क का चौड़ीकरण और निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका है।

### भेदभावपूर्ण तोड़फोड़ और अधूरी सड़क का खामियाजा

बीच में जागरूक नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के चक्काजाम के बाद हाल ही में सड़क को समतल जरूर किया गया है, जिससे गड्ढों से तो राहत मिली है, लेकिन डामरीकरण और साइड स्ट्रक्चर जैसे जरूरी काम अब भी अधूरे हैं। इसका खामियाजा रोजाना स्थानीय लोगों सहित आसपास के सैकड़ों गांवों के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है, जिनकी दैनिक आवाजाही इसी मार्ग पर निर्भर करती है। आरोप है कि राजस्व और पीडब्ल्यूडी विभाग की मिलीभगत से नगर के कुछ रसूखदारों के घरों को छोड़ दिया गया। जबकि आम और गरीब लोगों के घरों को बेरहमी से तोड़ दिया गया। ये परिवार पिछले दो वर्षों से अपने टूटे मकानों में भीषण गर्मी, बारिश और हवा की मार झेलने को मजबूर हैं। चूंकि कुछ घरों को नहीं तोड़ा गया, इसलिए सड़क का काम आज भी पूरा नहीं हो पाया है।



### रसूखदारों पर कार्रवाई से कतरा रहा प्रशासन?

निर्माण कार्य के दौरान गांव की ओर कई मकानों को तोड़ दिया गया, लेकिन छुईखदान कस्बे की ओर बने मकानों को वैसा ही छोड़ दिया गया है। इससे स्थानीय कंडरा पारा, जमुना चौक, जमात पारा और बैरागी पारा के प्रभावित नागरिकों में गहरी नाराजगी है। नगरवासियों का आरोप है कि प्रशासन ने एकतरफा कार्रवाई की। गरीबों के घरों को पहले तोड़ दिया गया, जिनके पास रहने को कोई घर नहीं था, जबकि रसूखदारों के मकान आज तक नहीं टूटे हैं। लोगों का आरोप है कि प्रशासन इन रसूखदार लोगों से डर चुका है और उन पर हाथ डालने से कतरा रहा है, न्यायालय का हवाला दे रहा है। जबकि प्रशासन सड़क निर्माण करने से पहले पूरी प्रक्रिया का पालन कर चुका है। सड़क विकास का पहिया छुईखदान में आकर थम गया है। प्रशासन की अनदेखी की वजह से लोग नाली के ऊपर भी मकान निर्माण कर चुके हैं, जिसे अब हटा पाना काफी मुश्किल होगा।

### प्रशासनिक अनदेखी या ठेकेदार की लापरवाही ?

कुछ सजग स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी न तो निर्माण की रफ्तार तेज हुई और न ही जवाबदेही तय हुई। कहीं तकनीकी बहाने तो कहीं बजट का रोना रोया जा रहा है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि जनता की परेशानी खत्म नहीं हुई है। जिस स्थान पर चौड़ीकरण रुका हुआ है।

वह स्थान आने वाले समय में विशेषकर स्थानीय लोगों और आसपास के ग्रामीणों के लिए, जो प्रतिदिन आवागमन हेतु उस सड़क का उपयोग करते हैं, संकीर्ण होने के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना या एक्सीडेंट का कारण बन सकता है। तेज गति से आने वाला वाहन संकीर्ण रोड पर अचानक गति कम नहीं कर पाते, जिससे दुर्घटना की संभावना अधिक बढ़ जाती है।

### ग्रामीणों की मांग : अधूरा कार्य हो जल्द पूरा, मिले न्याय

प्रभावित जनों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया और मुआवजा संबंधी मुद्दों का समाधान नहीं हुआ, तो वे सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। उनका साफ कहना है कि विकास सबका हो, सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए।

## पारीनाला के पास मंदराजी की मूर्ति लगाये -पवन यादव



राजनांदगांव (दावा)। पारीकला सुंदरा क्षेत्र से एक युवा कवि हैं पवन यादव 'पहुना' जो वर्तमान में साकेत साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा मंदराजी दाऊजी का ग्राम रवेली जन्मभूमि है तो कन्हारपुरी कर्मभूमि है और पारीनाला (सीआईटी) कॉलेज के पास जो नवीन चौक बना है वहां से सीधा आप दाऊजी के जन्मभूमि ग्राम रवेली और कर्मभूमि कन्हारपुरी पहुंच सकते हैं, जहां दाऊजी की मूर्ति स्थापित है और उनसे जुड़ी हजारों यादें हैं। राष्ट्रीय राज्य मार्ग से आने वाले दुर्ग भिलाई रायपुर या अन्य क्षेत्र से आने वाले हर कलाकार को जो दाऊजी के गांव आना चाहते हैं उनको आने में सुविधा होगा और क्षेत्र का नाम होने से हमारे क्षेत्र का मान सम्मान और गौरव बढ़ेगा।

## पहला कॉलम...

### बीमारियों से बचाव हेतु अंतर्राष्ट्रीय जूनोसिस दिवस मनाया गया



तिलईरवार (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में अंतर्राष्ट्रीय जूनोसिस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू (व्याख्याता) ने बताया कि यह दिवस प्रतिवर्ष 6 जुलाई को मनाया जाता है।

विश्व जूनोसिस दिवस का पालन विभिन्न जूनोटिक रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपायों के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जूनोसिस एक गंभीर बीमारी है जिसमें एक प्रजाति से दूसरी प्रजाति में बीमारी या संक्रमण के फैलने का खतरा रहता है। जानवरों से इंसानों में और इंसानों से जानवरों में फैलने वाली यह स्थिति काफी खतरनाक है, जिसे अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, जूनोटिक रोगजनक बैक्टीरिया, वायरल या पैरासाइटिक हो सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय, समस्त स्टाफ सदस्य और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू (व्याख्याता) के द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन श्रीमती अनुराधा ढोक (व्याख्याता) के द्वारा किया गया।

### एमडी मेडिसीन देंगे मंदिर अस्पताल में नियमित सेवाएं



**अत्याधुनिक अस्पताल में क्षेत्रवासियों को मिल रही है प्रदेश स्तरीय सुविधाएं**

डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डॉ. तिलक राज गजेन्द्र (एमडी मेडिसिन) सोमवार से शनिवार शाम 4 से 7 बजे नियमित सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके पूर्व विगत सप्ताह से डॉ. अनुपमा अस्थाना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ( सोमवार, बुधवार, शुक्रवार) और डॉ. विजय जैन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ( मंगलवार, गुरुवार, शनिवार) इस प्रकार सप्ताह में 6 दिन रविवार छोड़कर दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक सेवाएं प्रदान कर रहीं हैं और डॉ. अपूर्व वर्मा नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ प्रतिदिन प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में उक्त डाक्टरों के अतिरिक्त विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा प्रदान किए जा रहे सेवाओं का लाभ निरंतर क्षेत्र के नागरिकगण ले रहे हैं। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### सरस्वती शिशु मंदिर टेडेसरा में शिशु भारती का गठन



टेडेसरा (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर टेड़ेसरा में विगत दिवस सत्र 2025-26 हेतु शिशु भारती का गठन किया गया। सभी आचार्य दीदियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमें शालानायक (सेनापति) भैया प्रमोद सिन्हा, उपसेनापति बहन तेजश्री पटेल, अनुशासनप्रमुख बहन मेघारानी साहू, भैया रूपेंद्र साहू, प्रार्थना प्रमुख बहन पूर्वी साहू (बी), बहन अनुष्का शर्मा, सांस्कृतिक प्रमुख बहन पूर्वी साहू, बहन पूजा वर्मा, क्रीडा प्रमुख भैया विवेक पाल, बहन पूर्वी साहू, स्वच्छता प्रमुख भैया हिमांशु झा, भैया विक्रमादित्य यादव, खोयापाया प्रमुख भैया जयकुमार कोसरे, बहन होशिता साहू, जल प्रमुख भैया लोकेश साहू, भैया दिलीप जेना, बागवानी प्रमुख भैया युवराज, आरती कंवर, अंश द्विवेदी, माही साहू, सायकल स्टैंड प्रमुख भैया संदीप भारद्वाज, भैया पंकज साहू, चिकित्सा प्रमुख भैया कावेश सिन्हा, बहन टेमिन साहू, बैठक व्यवस्था प्रमुख भैया केवल, जीत, यतेंद्र, हिमांशु, बहन सोनाली, जानवी, चंचल, जास्मिनबने आदि सभी प्रमुखों को दीदियां मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, योगेश्वरी वर्मा, चाकेश्वरी साहू, हिना यादव, भावना यादव प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने शपथ दिलाकर शुभकामनाएं दी।

## करेला-भंडारपुर मार्ग की जर्जर स्थिति पर कांग्रेस का चक्काजाम प्रदर्शन




डोंगरगढ़ (दावा)। रविवार को खैरागढ़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग और करेला-भंडारपुर मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रशासन को कई बार चेतावनी देने के बावजूद जब सड़कों की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया, तब मजबूर होकर उन्हें विरोध प्रदर्शन करना पड़ा।

### सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप - विधायक हर्षिता स्वामी बघेल

डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि सरकार ने इन मार्गों की स्वीकृति केवल कागजों तक सीमित रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता को खराब सड़कों के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान ने बताया कि कांग्रेस के इस प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि बरसात के बाद खैरागढ़ से डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग और खैरागढ़ से ढारा तक के करेला-भंडारपुर मार्ग का नया निर्माण किया जाएगा। साथ ही एक सप्ताह के भीतर दोनों मार्गों के गड्ढों को भरकर तात्कालिक मरम्मत की जाएगी। चौहान ने चेतावनी दी कि यदि ये कार्य नहीं हुए तो कांग्रेस इससे भी उग्र आंदोलन करेगी। यह आंदोलन विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मुड़ीपार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, मुड़ीपार ब्लॉक और डोंगरगढ़ ग्रामीण के समस्त कार्यकर्ता और डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष विजयराज सिंह सहित शिशुपाल भारती, प्रकाश महानदी, के. विनायक राव, दिनेश साखरे, नरेश करसे, दुलीचंद बडोले, गणपत रजक, कृष्णा लिल्हारे, गजेंद्र साहू, रूपेश मसीह, राकेश टंडन, प्रकाश शर्मा, बबलू खोब्रागढ़े, मनोज सहारे, कैलाश मेश्राम एवं भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डोंगरगढ़ भाजपा मंडल ने श्रद्धापूर्वक मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

डोंगरगढ़ (दावा)। 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः, गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परब्रह्म, तस्मै श्री गुरवे नमः।।' इस श्लोक के मर्म को आत्मसात करते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला निर्देशों के तहत भाजपा शहर मंडल डोंगरगढ़ ने 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर समाज और शिक्षा क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित गुरुजनों का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित गोवर्धन सिंह राजपूत, रेलवे से सेवानिवृत्त स्टेशन मास्टर और समाजसेवी विश्वनाथ यादव, ग्रंथी गुरविंदर सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य और समाजसेवी हेमंत साहू, योगाचार्य डी.सी. येड़े, एकल अभियान महिला समिति की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती वैशाली देशकर और प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद शामिल थे। सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इन गुरुजनों और समाजसेवियों की वाणी से ज्ञान प्राप्त कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक, सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष और भाजपा के सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला गया

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख व्यक्तियों में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जिला सह-संयोजक नीरज यादव, चीकू जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़, अमित जैन, भाजपा शहर महामंत्री विनीत यादव, विनय बंसल, कोषाध्यक्ष शहर मंडल भागवत नामदेव, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगढ़, श्रीमती लक्ष्मी यादव, श्रीमती अनीता इंदुरकर, श्रीमती मीना यादव, श्रीमती अलका जयेश सहारे, कैलाश सोनवानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मुकुंद कंदरा, मीना यादव, श्रीमती तारा गोरल, और सुमित ताम्रकार उपस्थित थे। यह आयोजन डोंगरगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय समुदाय के बीच गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को दर्शाता है।

## कांग्रेस पार्टी का धरना प्रदर्शन सिर्फ राजनीतिक नौटंकी - सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल



डोंगरगढ़ (दावा)। सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने कांग्रेस पार्टी द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शनों को 'महज राजनीतिक नौटंकी' करार दिया है। श्री हथेल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अवैध वसूली, दारू-सट्टा जैसे मुद्दों पर या सरकार पर विकास में भेदभाव का आरोप लगाना केवल दिखावा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विष्णुदेव सरकार बिना किसी भेदभाव के हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है। हथेल ने आरोप लगाया कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान भ्रष्टाचार चरम पर था, जिसकी वजह से राज्य में भाजपा की सरकार बनी।

सांसद प्रतिनिधि ने डोंगरगढ़ की क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्होंने कई मौकों पर सार्वजनिक मंचों से भाजपा सरकार की तारीफ की है। इसके बावजूद उनका इस तरह के 'राजनीतिक नौटंकी' में शामिल होना समझ से परे है।

### भ्रष्टाचार और अवैध वसूली पर साधा निशाना

श्री हथेल ने श्रीमती बघेल को सलाह दी कि भ्रष्टाचार और अवैध वसूली में शामिल लोगों के नाम पूर्व की भूपेश सरकार के पास उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन करने के बजाय विधायक को चाहिए कि वे विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री से उन सभी भ्रष्टाचारियों के नाम सार्वजनिक करने की जानकारी मांगें, ताकि जनता के साथ न्याय हो सके। श्री हथेल ने श्रीमती बघेल को याद दिलाया कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें विकास कार्यों के लिए चुना है। उन्होंने विधायक को सकारात्मक सोच के साथ अपने क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि विष्णुदेव सरकार पर आरोप लगाने से क्षेत्र की जनता में आक्रोश दिख रहा है।

### 'विष्णुदेव सरकार के टक्कर में कोई नहीं'

श्री हथेल ने कहा, 'कहा पड़े हो चक्कर में, कोई नहीं है विष्णु देव सरकार के टक्कर में।' उन्होंने यह भी दावा किया कि यदि सरकार भेदभाव करती तो श्रीमती बघेल को कई पदों पर सम्मानित नहीं किया जाता। उन्होंने विधायक को मिली करोड़ों रुपये की निधि का जिक्र करते हुए कहा कि यह राशि जनता के विकास के लिए दी गई है, न कि उसके दुरुपयोग के लिए। अंत में श्री हथेल ने आरोप लगाया कि विधायक निधि का खर्च केवल उन्हीं क्षेत्रों में हो रहा है। जहां कांग्रेस के जनप्रतिनिधि हैं और यह जनहितों के विकास में बाधक बन रहा है। उन्होंने श्रीमती बघेल से आग्रह किया कि वे जनता के काम के लिए 'राजनीतिक चश्मा उतारें' और सरकार को बदनाम करना बंद करें।

## डोंगरगढ़ से रायपुर मेमू ट्रेन के समय में बदलाव से यात्रियों को मिलेगी अधिक सुविधा : वरिष्ठ नागरिक के.के. वर्मा





**डोंगरगढ़ विकास मंच ने लिखा रेल अधिकारियों व सांसद को पत्र**

डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ विकास मंच के सचिव व सेवानिवृत्त वन परिक्षेत्र अधिकारी केके वर्मा ने डोंगरगढ़ से रायपुर के लिए प्रातः 3.45 बजे छूटने वाली मेमू ट्रेन क्रमांक 68730 को आधे घंटे पश्चात अर्थात 4.15 बजे छोड़ने की मांग रेल प्रशासन से की है। उन्होंने बताया कि इसके ठीक पहले 3 बजे इतवारी बिलासपुर शिवनाथ एक्सप्रेस 3.36 को इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस तथा 3.50 बजे हजरत निजामुद्दीन विशाखापट्टनम समता एक्सप्रेस छूटती है। इस प्रकार इन तीन ट्रेनों के बीच बहुत ही कम अंतराल रहता है। जबकि समता एक्सप्रेस और डोंगरगढ़ रायपुर मेमू के बीच मात्र 5 मिनट का अंतराल है। इसके बाद सुबह 5.50 बजे पुनः डोंगरगढ़ से रायपुर के लिए मेमू क्रमांक 68710 ट्रेन उपलब्ध है। इसलिए डोंगरगढ़ से रायपुर मेमू 687 30 को समता एक्सप्रेस के बाद प्रातः 4.15 बजे छोड़ा जाना उचित होगा। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन रायपुर पहुंचने के बाद खाली ट्रेन भिलाई मार्शलिंग यार्ड मेंटेनेंस के लिए चली जाती है। इसे 4.15 बजे छोड़ने से इसका अधिकतम लाभ जनता उठा सकेगी। साथ ही भिलाई स्टील प्लांट में 6 बजे की सिफ्ट में ड्यूटी करने वाले कर्मचारी भी बड़ी संख्या में लाभान्वित हो सकेंगे। इसलिए इसका 4.15 बजे छोड़ा जाना अत्यंत उचित होगा। रेलवे की आय भी बढ़ेगी और लोगों को सुविधा भी मिलेगी। इस आशय का पत्र रेल मंडल प्रबंधक नागपुर तथा राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे को लिखा गया है। डोंगरगढ़ विकास मंच ने कोरोना काल से बंद पड़ी ट्रेनों को 16 जुलाई से पुनः प्रारंभ करने की पहल का स्वागत करते हुए क्षेत्र के सक्रिय सांसद के प्रति आभार जताया है। डोंगरगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष गोपाल खेमुका ने बताया कि इसके लिए विकास मंच ने भी सांसद को पत्र लिखकर यह मांग रखी थी। जिस पर सांसद ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उन्होंने सांसद से विभिन्न चरणों के स्टॉपेज एवं गोंदिया से छूटने वाली ट्रेनों को डोंगरगढ़ से छोड़ने की मांग के बारे में याद भी दिलाया है। साथ ही जबलपुर से रायपुर प्रारंभ होने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के डोंगरगढ़ स्टॉपेज की मांग भी रखी है। डोंगरगढ़ सर्वधर्म समभाव की नगरी है। यहां बड़ी संख्या में मां बमलेश्वरी देवी के दर्शनार्थ लोग आते हैं।

बौद्ध धर्म की प्रज्ञागिरी पहाड़ी तथा जैन धर्म की चंद्रगिरी तीर्थस्थल के साथ-साथ अन्य धर्म के धार्मिक स्थल भी यहां पर मौजूद हैं। जहां दर्शनार्थी वर्ष पर आते हैं। यहां सभी ट्रेनों के स्थापित से आवाजाही बढ़ेगी तथा रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी। सांसद को इस दिशा में अभिलंब पहल करनी चाहिए।

## साय सरकार पर बिजली दर बढ़ाकर जनता को लूटने का आरोप : अंजली रामगुलाल घावड़े



राजनांदगांव (दावा)। कुमरदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और छुरिया जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अंजली रामगुलाल घावड़े ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साय सरकार पर बिजली दरों में वृद्धि कर जनता को लूटने की तैयारी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 'बिजली बिल हाफ योजना' के तहत प्रदेश की जनता को 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त प्रदान की जाती थी, जिसे वर्तमान सरकार ने पहले ही बंद कर दिया है। अब बिजली की दरों में और वृद्धि कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने की कवायद की जा रही है।

श्रीमती घावड़े ने बताया कि सरकार और बिजली नियामक आयोग ने प्रदेश में बिजली दरों में 15 से 20 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी कर दी है। इससे अब घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को बिजली बिल भरने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियों को 4550 करोड़ रुपये का घाटा बताकर इसकी भरपाई जनता से करने की तैयारी सरकार कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा महंगाई कम करने का वादा कर सत्ता में आई थी, लेकिन अब उसने महंगाई और बढ़ा दी है। श्रीमती घावड़े ने सरकारी कार्यालयों पर 1750 करोड़ रुपये के बिजली बिल बकाया होने का मुद्दा उठाया और कहा कि इन कार्यालयों से बिल की वसूली नहीं की जा रही है, जबकि आम जनता का 500 रुपये भी बाकी होने पर बिजली विभाग के कर्मचारी लाइन काटने पहुंच जाते हैं।

श्रीमती घावड़े ने यह भी आरोप लगाया कि बिजली दरों में वृद्धि के लिए की गई जनसुनवाई चोरी-छुपे कर ली गई, जबकि सरकार ने पहले ही बिजली बिल में वृद्धि करने की मंशा बना ली थी। उन्होंने कहा कि बिजली दर बढ़ने से प्रदेश के 65 लाख उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। पूर्व की भूपेश सरकार में इन सभी उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिल रहा था, जो अब बंद हो चुका है। यह बढ़ी हुई दरें अगस्त महीने से बिलों में आनी शुरू हो जाएंगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 4500 करोड़ रुपये के घाटे की पूर्ति छत्तीसगढ़ की जनता से करने की तैयारी है, और छत्तीसगढ़ सरकार ने मई के बिल में 7.15 फीसदी एफमीपीएएस शुल्क बढ़ाकर जनता को लूटने का कार्य किया है। श्रीमती घावड़े ने हैरानी जताई कि विद्युत संयंत्रों में इस्तेमाल होने वाला कोयला देश के आधे हिस्से को छत्तीसगढ़ से आपूर्ति किया जाता है, फिर भी प्रदेश में आए दिन बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है।

अंजली रामगुलाल घावड़े ने बिजली दरों में इस वृद्धि को जनता के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान लोगों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा रही थी, लेकिन भाजपा के सत्ता में आते ही बिजली की दरें बढ़ गई हैं। उन्होंने भाजपा सरकार से आम जनता के साथ अन्याय न करने, तत्काल बिजली दरों में वृद्धि रोकने और पूर्ववर्ती सरकार की बिजली बिल हाफ योजना को बहाल करने की मांग की है।

## शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर : रक्तदाताओं को हेलमेट देकर किया सम्मानित




राजनांदगांव (दावा)। जिले के नर्मदा धाम सुरसुली में शहीद रितेश वैष्णव की स्मृति में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संकल्प जन सेवा समिति एवं समस्त आंचलिक ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी संस्था रीड यूथ सोसायटी राजनांदगांव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, खेल प्रतियोगिताएं (दौड़/रिले रेस/रस्साकशी) और सम्मान समारोह जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईसेक्ट कंप्यूटर सेंटर देवरी के संस्थापक भारत सर, योगेश्वर निषाद सर, चौबे सर, शीना वैष्णव मैडम ने मुख्य भूमिका निभाई। इसके साथ ही, रीड यूथ सोसायटी राजनांदगांव के कार्यक्रम प्रबंधक भावेश साहू की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। रक्तदान शिविर में बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव की टीम और राजेंद्र देवांगन व उनकी पूरी टीम का विशेष सहयोग मिला। इस पुनीत कार्य में 160 लोगों ने रक्तदान किया, और सभी रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित कर सम्मानित किया गया। जो रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क सुरक्षा का संदेश देने का एक सराहनीय कदम था।

# पहला कॉलम...

## इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकियों ने महिलाओं समेत 66 लोगों को मौत के घाट उतारा

किनशासा। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकियों ने 66 लोगों की जान ले ली। अधिकारियों ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस्लामिक स्टेट से जुड़े अलायड डेमोक्रेटिक फोर्सेस ने इस भयावह हमले को अंजाम दिया। यह हमला इरुमु इलाके में हुआ, जो युगांडा की सीमा से सटा है। हमलावरों ने बड़े चाकू से लोगों को मौत के घाट उतारा। स्थानीय सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मार्सेल पालुकु ने बताया कि हमलावरों ने औरतों को भी नहीं छोड़ा। इसके अलावा कितने लोगों को अगवा किया गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी नहीं मिली है।

संयुक्त राष्ट्र मिशन के प्रवक्ता जीन टोबी ओकाला ने इस हमले को %खून का सैलाब% लाने वाला करार दिया। उन्होंने बताया, %गुरुवार और शुक्रवार को वाल्से वोनकुतु चीफडम में करीब 30 लोग मारे गए थे, लेकिन अब सिविल सोसाइटी से मिली जानकारी के आधार पर मरने वालों की संख्या 66 हो गई है।% माना जा रहा है कि यह हमला कांगो और युगांडा की सेनाओं द्वारा रविवार से शुरू की गई बमबारी का जवाब हो सकता है।⁄ष्ठस्न एक युगांडाई इस्लामी गुट है, जो 2019 से इस्लामिक स्टेट से जुड़ा हुआ है और दोनों देशों के बॉर्डर पर सक्रिय है। इस गुट के आतंकी लगातार हिंसा में शामिल रहे हैं और तमाम लोगों की जान ले चुके हैं।

## नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम एक बार फिर होंगे आमने-सामने

नई दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स फैंस को 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग मीट में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा, जब दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के स्टार भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद दोनों दिग्गजों की पहली भिड़ंत होगी। पिछली बार जब ये दोनों खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में आमने-सामने आए थे, तब अरशद नदीम ने 92.97 मीटर की शानदार दूरी तक भाला फेंककर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। वहीं, टोक्यो ओलंपिक 2021 के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने उस मुकाबले में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता था।

वर्ल्ड एथलेटिक्स और सिलेसिया डायमंड लीग के आयोजकों ने इस मुकाबले की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। आयोजकों के मुताबिक, यह मुकाबला नीरज के लिए पिछली हार का बदला लेने का सुनहरा अवसर हो सकता है। नीरज चोपड़ा इस साल शानदार फॉर्म में हैं। मई में दोहा डायमंड लीग में उन्होंने 90.23 मीटर का थ्रो कर सिल्वर मेडल जीता और इसी के साथ 90 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले दुनिया के 26वें भाला फेंक एथलीट भी बन गए। डायमंड लीग के आयोजकों का कहना है कि नीरज इस प्रदर्शन में और सुधार करना चाहेंगे।

## मलेशिया के पूर्व पीएम की बिगड़ी तबीयत

रॉयटर्स, कुआलालंपुर। मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को उनके कार्यालय से जानकारी दी गई कि थकान की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 100वें जन्मदिन के मौके पर वे एक पिकनिक में शामिल होने पहुंचे थे जहां से वो जल्दी निकल गए थे। दो दशकों से ज्यादा समय से राजनीति में सक्रिय महातिर हृदय संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं और उनकी बाईपास सर्जरी भी हो चुकी है। हाल के वर्षों में उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर बार-बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। उनके कार्यालय की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, थकान संबंधी समस्याओं के कारण उन्हें कुआलालंपुर के राष्ट्रीय हृदय संस्थान में निगरानी में रखा गया है।

## फेम अब्दु रोजिक दुबई में गिरफ्तार, चोरी का लगा आरोप

नई दिल्ली। क्क्चद्दद्द क्चशह्यह्य फेम और ताजिकिस्तानी सिंगर और सोशल मीडिया स्टार अब्दु रोजिक को दुबई इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दु को तब गिरफ्तार किया गया जब वह मोंटेनेग्रो से दुबई पहुंचे थे। हालांकि, किस कारण से अब्दु को गिरफ्तार किया गया है इसके बारे में जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। दुबई की अथॉरिटीज ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। लेकिन, अब्दु रोजिक की मैनेजमेंट कंपनी ने पुष्टि की है कि उन्हें चोरी के आरोप में हिरासत में लिया गया है। कंपनी ने इस मामले में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। अब्दु रोजिक एक मशहूर ताजिकिस्तानी सिंगर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। उनकी लोकप्रियता उनके गानों, वायरल वीडियो और रियलिटी शोज की वजह से बढ़ी। भारत में वे क्क्चद्दद्द क्चशह्यह्य 16 से काफी ज्यादा लोकप्रिय हुए।



# आकाशदीप के विकेट संग खत्म हुआ चौथे दिन का खेल, भारत का स्कोर 58/4, जीत के लिए चाहिए 135 रन



लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का तीसरा मैच लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है. इस मुकाबले में भारत को 5वें दिन जीत के लिए 135 रनों की जरूरत है. इंग्लैंड की दूसरी पारी 192 के स्कोर पर सिमट गई. वाशिंगटन सुंदर को 4 विकेट मिले हैं. जबकि बुमराह और सिराज को दो-दो सफलताएं मिली हैं. भारत की भी शुरूआत खराब रही है और दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 4 विकेट गंवा दिए थे. भारत का स्कोर अभी 58 रन है. केएल राहुल नाबाद हैं. भारत को जीत के लिए 135 रन बनाने हैं.

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 387 रन बनाए थे. जवबा में भारतीय टीम की पहली पारी भी 387 रनों पर ही सिमटी. यानी पहली पारी में दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहा. दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए. अब लॉर्ड्स टेस्ट में भारत को जीत के लिए 193 रन बनाने हैं.

### भारत की पहली पारी में केएल राहुल का शतक

भारतीय टीम की पहली पारी में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने शतक लगाया. राहुल ने 177 बॉल का सामना करते हुए 100 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे. राहुल के टेस्ट करियर का ये दसवां शतक रहा.

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (74 रन) और रवींद्र जडेजा (72 रन) भी अर्धशतकीय पारियां खेलने में कामयाब रहे. इंग्लैंड की ओर से क्रिस वोक्स ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके. वहीं जोफ्रा आर्चर और कप्तान बेन स्टोक्स ने दो-दो विकेट लिए. ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को भी एक-एक सफलता हाथ लगी.

### इंग्लैंड की पहली इनिंग्स में रूट का शतक, बुमराह ने खोला पंजा

पहली पारी में इंग्लैंड के लिए पूर्व कप्तान जो रूट ने शानदार शतक जड़ा. रूट ने 199 गेंदों पर 104 रन बनाए, जिसमें 10 चौके शामिल रहे. रूट के टेस्ट करियर का ये 37वां और भारतीय टीम के विरुद्ध 11वां शतक रहा. इंग्लिश टीम के लिए ब्रायडन कार्स (56 रन) और जेमी स्मिथ (51 रन) भी अर्धशतकीय पारियां खेलने में सफल रहे. स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट चटकाए. वहीं नीतीश कुमार रेड्डी और मोहम्मद सिराज को दो-दो सफलताएं मिलीं. रवींद्र जडेजा ने भी एक विकेट अपने नाम किया.

# पोलैंड की इगा स्वियातेक बनीं विंबलडन चैंपियन

नई दिल्ली। पोलैंड की इगा स्वियातेक ने शनिवार को विंबलडन 2025 महिला एकल फाइनल में यूएसए की अमांडा अनिसिमोवा पर 6-0, 6-0 से शानदार जीत हासिल कर इतिहास रच दिया. यह ओपन एरा में विंबलडन में बिना कोई गेम गंवाए खिताब अपने नाम करने में सफल हुई हैं.



इतिहास में नजर डालें तो महिला एकल का केवल एक ही फाइनल स्कोर 6-0, 6-0 रहा है, तब 1911 में डोरोथिया लैंबर्ट चेम्बर्स ने डोरा बूथबी को हराया था. यह स्वियातेक का छठा ग्रैंड स्लैम और पहला विंबलडन है. 23 वर्षीय अनिसिमोवा, जिन्होंने सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका को हराया था, अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में हैरान रह गईं.

बीते 8 साल में लगातार 8वीं बार विंबलडन का नयी महिला चैंपियन खिलाड़ी मिली है. इगा ने इसे विंबलडन के इतिहास का शायद सबसे एकतरफा मैच बनाते हुए सिर्फ 57 मिनट में बिना कोई गेम गंवाए ख़िताब अपने नाम कर लिया. पिछले साल इगा ने ग्रास कोर्ट के ग्रैंड स्लैम के फाइनल तक सफर किया था. 24 साल की वर्ल्ड नंबर 4 इगा चार फ्रेंच ओपन और एक यूएस ओपन के साथ अब एक विंबलडन चैंपियन भी बन गई हैं.

वर्ल्ड नंबर 12 अमेरिका की अमांडाअनीसिमोवा अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहला ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं कर पाईं. पिछले साल अमांडा इस टूर्नामेंट में क्वालिफाई तक नहीं कर पाई थीं.

# जडेजा ने WTC में 2000 रन पूरा करने वाले पहले क्रिकेटर बने

नईदिल्ली। लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में टीम इंडिया 387 रनों पर ऑलआउट हो गई. लेकिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (72 रन) ने अर्धशतक जड़कर सबको प्रभावित किया. उन्होंने तीसरे दिन टीम इंडिया की बल्लेबाजी में केएल राहुल (100) और ऋषभ पंत (70) के साथ अहम भूमिका निभाई. लेकिन जडेजा ने अपने अर्धशतक से सबको प्रभावित किया. इसके साथ उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.



तीसरे दिन, जब टीम इंडिया ने जल्दी-जल्दी दो विकेट गंवा दिए, तो जड्डू बल्लेबाजी करने उतरे. फिर उन्होंने पंत, नितीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर के साथ अच्छी साझेदारियां कीं. हालांकि, अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद, शतक की ओर बढ़ रहे जडेजा 72 रन बनाकर क्रिस वोक्स की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गए. लेकिन वो एक दुर्लभ रिकॉर्ड अपने नाम कर गए. जड्डू ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल की है. लॉर्ड्स में अर्धशतक बनाने के साथ, जडेजा ने WTC में 2000 रन पूरे कर लिए हैं. डब्ल्यूटीसी में यह जडेजा का 15वां अर्धशतक है. उन्होंने 130 विकेट लेकर गेंदबाजी में भी अपना दमखम दिखाया. इस तरह से जडेजा ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 2000 प्लस रन वाले एकमात्र खिलाड़ी का रिकॉर्ड बनाया.

# भारत का स्वर्ण भंडार 34.2 करोड़ डॉलर बढ़ा, विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर पर !

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी नवीनतम साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, देश का स्वर्ण भंडार सप्ताह के दौरान 34.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.846 अरब डॉलर पर पहुंच गया।



सोने के साथ-साथ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 3.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.868 अरब डॉलर हो गए। इसके अतिरिक्त, आंकड़ों के अनुसार, आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार भी 10.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.735 अरब डॉलर हो गया। भंडार में यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब घरेलू और वैश्विक सर्राफा बाजारों में भारी तेजी देखी जा रही है।

आरबीआई ने कहा कि 4 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर रहा। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, कुल मुद्रा भंडार 4.849 अरब डॉलर बढ़कर 702.784 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 के अंत में यह भंडार 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। डॉलर के संदर्भ में, विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

# मिताली राज का रिकॉर्ड ध्वस्त, हरमनप्रीत कौर बनीं नंबर-1

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रचते हुए पहली बार इंग्लैंड में टी20द्ब सीरीज अपने नाम की। भले ही टीम को 12 जुलाई को बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए आखिरी टी20 मैच में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन सीरीज भारत ने 3-2 से जीत ली।



इस ऐतिहासिक जीत की अगुवाई कप्तान हरमनप्रीत कौर ने की। हालांकि वे बल्ले से खास योगदान नहीं दे सकी और सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गईं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने एक बड़ा इतिहास रच दिया।

दरअसल, हरमनप्रीत कौर ने भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला क्रिकेटर बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने यह उपलब्धि भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज बल्लेबाज मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ते हुए हासिल की।

हरमनप्रीत ने कुल 334 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जो कि महिला क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा है। उन्होंने महान बल्लेबाज मिताली राज का 333 मैचों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरमनप्रीत कौर अब विश्व की सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं।

# डिजिटल तकनीक ने बदल दी भारत की कर प्रणाली, रिफंड में 474 प्रतिशत बढ़ोतरी; अब सिर्फ 17 दिन में मिल रहा पैसा




नई दिल्ली। डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को पूरी तरह बदल दिया है, जिससे कर वापसी (रिफंड) में 474 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि पिछले दस वर्षों में भारत की कर प्रणाली में बड़ा बदलाव आया है। कर वापसी की रफ्तार कर संग्रह से करीब दोगुनी तेजी से बढ़ी है।

सूत्रों ने बताया कि 2013-14 से 2024-25 के बीच करदाताओं को रिफंड मिला है, उसमें 474 फीसदी की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। यह राशि 83,008 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,76,743 करोड़ रुपये हो गई है।

इसी अवधि में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में 24 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 7,21,604 करोड़ रुपये से बढ़कर 27,02,974 करोड़ रुपये हो गई है। सबसे खास बात यह है कि कर वापसी की प्रक्रिया की गति में भी काफी सुधार हुआ है। 2013 में कर वापसी मिलने में औसतन 93 दिन लगते थे, जो 2024 में घटकर केवल 17 दिन रह गए हैं। यह 81 फीसदी की कमी को दर्शाता है, जो डिजिटल आधुनिकीकरण की सफलता का प्रमाण है।

इस बदलाव के पीछे कर प्रक्रियाओं का पूरी तरह से डिजिटल होना है। ऑनलाइन फाइलिंग प्रणाली, बिना मुलाकात के असेसमेंट और स्वचालित कर वापसी की प्रक्रिया ने उन पुरानी अड़चनों को खत्म कर दिया है, जो पहले करदाताओं को सेवाओं में देरी का कारण बनती थीं।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, प्री-फिल्ड रिटर्न, रियल-टाइम टीडीएस समायोजन और ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली जैसी डिजिटल तकनीक ने करदाताओं को सेवाएं देने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है।

करदाताओं की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। 2013 में 3.8 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, वहीं 2024 में यह संख्या बढ़कर 8.89 करोड़ हो गई है। यह 133 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाती है। रिफंड का अनुपात भी कुल कर संग्रह की तुलना में काफी बढ़ा है। 2013-14 में यह अनुपात 11.5 फीसदी था, जो 2024-25 में बढ़कर 17.6 फीसदी हो गया है। एक वरिष्ठ आयकर अधिकारी ने बताया, रिफंड में यह बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि लोग अब ज्यादा स्वेच्छा से कर का भुगतान कर रहे हैं और अग्रिम कर भुगतान की व्यवस्था भी मजबूत हो रही है।

## ज्योतिष चमत्कार ( 14 जुलाई 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 63 | 75 | 81 | 97 |
| मंगल | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 73 | 85 | 95 | 01 |
| बुध | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 87 | 93 | 03 | 19 |
| गुरू | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 91 | 07 | 17 | 21 |
| शुक्र | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 15 | 23 | 39 |
| शनि | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 13 | 25 | 37 | 41 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 18 | 28 | 32 | 40 |
| मंगल | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 26 | 36 | 48 | 52 |
| बुध | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 30 | 46 | 54 | 68 |
| गुरू | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 56 | 64 | 76 |
| शुक्र | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 58 | 62 | 78 | 86 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 1 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 4 |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 6 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 52 | 63 | 97 | 08 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 0 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 9 |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 8 |
| स्पेशल | 31 | 42 | 56 | 87 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | 70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 07 | 42 | 48 | 33 | 72 | 34 |
| 53 | 81 | 81 | 48 | 31 | 64 |
| 06 | 14 | 02 | 15 | 89 | 75 |
| 81 | 88 | 88 | 41 | 48 | 77 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 07 | 10 | 52 | 60 | 13 |
| 41 | 45 | 18 | 29 | 04 |
| 98 | 43 | 25 | 10 | 87 |
| 73 | 59 | 19 | 46 | 86 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2024- 22-43-68-86

राजधानी नाईट 2023 -35-62

2024- 26-69-88

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**उज्ज्वल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला, सी.सदानंदन....**

उनके कूटनीतिक समझ की आज भी तारीफ होती है। हर्षवर्धन श्रृंगला अमेरिका, बांग्लादेश और थाईलैंड में भारत के राजदूत रहे। G 20 में भी अहम जिम्मेदारी संभाली है। उनकी वैश्विक समझ का लाभ एक बार फिर सरकार को मिलेगा। डॉ. मीनाक्षी जैन भारत की जानी-मानी इतिहासकार और शिक्षाविद् हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर रहीं मीनाक्षी जैन ने भारतीय इतिहास और संस्कृति पर गहन शोध किया है। 2020 में ऐतिहासिक शोध और लेखन के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। डॉ. मीनाक्षी जैन ने नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी में फेलो और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की शासी परिषद सदस्य के तौर पर भी काम किया है।

**'आज भी भारत सारे जहां से अच्छा....**

पर लौटना 15 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर स्प्लैशडाउन के साथ होगा. ISRO के अनुसार, पृथ्वी पर लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला को 7 दिन के रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम से गुजरना होगा, ताकि वे पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण स्थिति में सहज हो सकें. शुभांशु की वापसी का उनके परिवार को बेसब्री से इंतजार है. उनके गृहनगर में उनके स्वागत की जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं. यह उपलब्धि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है. राकेश शर्मा के बाद शुभांशु अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बने हैं, जबकि ISS पर पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं. उन्होंने भारत की वैज्ञानिक प्रतिष्ठा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर और मजबूत किया है और देशभर के युवाओं को प्रेरणा दी है. शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से, बल्कि राष्ट्रीय गौरव के रूप में भी महत्वपूर्ण है. जब शुभांशु अंतरिक्ष से विदाई लेंगे, तो उनके नाम के साथ भारत का नाम भी गौरव से जुड़ चुका होगा. उनका ये मिशन देश के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन गया है.

**कांग्रेस विधायक ने की नितिन गडकरी....**

उन्होंने गडकरी द्वारा कथित तौर पर दिए गए एक बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने देश के गरीबों के प्रति चिंता व्यक्त की थी और दावा किया था कि अमीर और अमीर होते जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, इस पर विचार करने से लगता है कि उनके पास (देश के विकास के लिए) एक अवधारणा है और ऐसे लोगों को (प्रधानमंत्री) बनाया जाना चाहिए। मोहन भागवत ने संकेत दिया है कि जो लोग 75 वर्ष के हो गए हैं, उन्हें पद छोड़ना होगा, इसलिए मुझे लगता है कि गडकरी के लिए समय आ गया है। कांग्रेस विधायक ने दावा किया कि वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा को 75 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था।

**सोनिया गांधी ने 15 जुलाई को....**

ऑपरेशन सिंदूर और इसके बाद की कूटनीतिक कोशिशों पर भी विपक्ष द्वारा चर्चा की मांग की जा रही है। विपक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर भी जवाब मांगा है, जिसमें उन्होंने भारत-पाकिस्तान तनाव में मध्यस्थता की बात कही थी। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने ट्रंप से फोन पर बातचीत में साफ कर दिया कि भारत न तो कभी मध्यस्थता स्वीकार करता है और न ही भविष्य में करेगा।

**तमिलनाडु में डीजल लेकर जा रही....**

का कार्य तेजी से किया जा रहा है। हादसे के चलते चेन्नई-अरक्कोनम रेलखंड पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण ट्रेन का पटरी से उतरना है। किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। दक्षिण रेलवे ने एक्स पर जानकारी दी है कि थिरुवल्लूर के पास हुई आग की घटना के चलते सुरक्षा के मद्देनजर ओवरहेड बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है।

**बिहार में बड़ी तादात में बांग्लादेश....**

प्रवासियों को उनके जन्मस्थान की जांच करके हटाया जाएगा। वहीं राज्यो में विधानसभा चुनाव की बात करें, तो बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल में विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग का देशव्यापी मतदाता सूची पुनरीक्षण करने का फैसला बांग्लादेश और म्यांमार समेत कई राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

**एआई-171 के चालक दल ने चुनौतीपूर्ण....**

ठहराने की हड़बड़ी दिखाई देती है। इससे पहले विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जून को हुए घातक बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना की अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। हादसे में 260 लोग मारे गए थे। रिपोर्ट में पाया गया है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या⁄द्ब171 के दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति एक सेकंड के अंतराल पर बंद हो गई, जिससे कॉकपिट में अफरा-तफरी मच गई और विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद ही अपनी ऊंचाई खोते हुए क्रैश हो गया। 15 पृष्ठों की रिपोर्ट में कहा गया कि कॉकपिट की वॉयस रिकॉर्डिंग में एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन स्विच क्यों बंद किया। हालांकि, दूसरे पालयट ने इससे इनकार किया।

**उग्रवादी संगठन ULFA-I के दावे का**

किया कि जब मारे गए नेता नयन आसम का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तब उनके कैंप पर फिर से मिसाइलों से हमला किया गया। संगठन के अनुसार इस हमले में उसके दो वरिष्ठ नेता - ब्रिगेडियर गणेश आसम और कर्नल प्रदीप आसम - मारे गए, जबकि कई अन्य सदस्य और कुछ आम लोग घायल हुए। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि असम पुलिस या राज्य की ओर से ऐसी किसी भी कार्रवाई में शामिल होने की बात गलत है।

**भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब....**

से कोई गंभीर अनहोनी नहीं हुई। आप सभी के स्नेह, चिंता और समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद। आप सभी का प्रेम, स्नेह, शुभकामनाएं और विश्वास ही मेरी असली ताकत है। मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। मैं समाज व जनसेवा के मार्ग से पीछे नहीं हटूंगा। आप सभी से आग्रह है कि शांति व संयम बनाए रखें और अफवाहों से दूर रहें।

**सीएम साय ने खुशवंत साहेब से....**

साजिश को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि, साजिश तो नहीं लगती है, लेकिन यह जांच में स्पष्ट होगा कि, क्या वजह है। सोमवार से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। सत्र के एक दिन पहले सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, सत्र में कुल 5 बैठकें होंगी। इसके लिए सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है। सदन में विपक्ष खाद के मुद्दे को उठाने के सवाल पर सीएम श्री साय ने कहा कि, डीएपी खाद की कमी है और ये कमी छत्तीसगढ़ के साथ सभी जगहों पर है।

**भारत को जल्द मिलेगी डेंगू....**

तीसरे चरण का परीक्षण पिछले साल अगस्त में शुरू हुआ था। इस परीक्षण में पहले प्रतिभागी को पिछले वर्ष पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआईएमएस), रोहतक में टीका लगाया गया था। इस चरण के क्लीनिकल ट्रायल के तहत अब तक पुणे, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली और भुवनेश्वर सहित विभिन्न केंद्रों में आठ हजार प्रतिभागियों को वैक्सीन या प्लेसीबो की खुराक दी गई।

# मशीन से धान का रोपा लगाकर किसान आधुनिक खेती की ओर अग्रसर - किरण वैष्णव



छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव को जानकारी मिली कि ग्राम पैरीटोला में किसान भारत ठाकुर अपने लगभग 18 एकड़ खेत में मशीन द्वारा धान की रोपाई कर रहे हैं। आज जिला पंचायत अध्यक्ष किसान भारत ठाकुर के खेत पहुँचीं और धान की रोपाई के दौरान उनसे मुलाकात की। उन्होंने किसान को मशीन से धान की रोपाई और आधुनिक खेती की ओर अग्रसर होने के लिए मुँह मीठा कराकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद सदस्य उमयराम मंडावी, ग्राम के सरपंच ललित साहु और कृषि विकास अधिकारी सुदेश पटेल भी उपस्थित थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि मशीन द्वारा धान का रोपा लगाना एक आधुनिक कृषि तकनीक है जो धान की रोपाई के काम को आसान और कुशल बनाती है। यह मशीन मजदूरों की कमी और बढ़ती लागत की समस्या को हल करती है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी, छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कृषि मंत्री रामविचार नेताम जी के नेतृत्व में आधुनिक कृषि और किसानों की आय दोगुनी करने का दृढ़ संकल्प लिया गया है।

उन्होंने मशीन से रोपाई के लाभ बताते हुए कहा : मशीन एक घंटे में कई एकड़ में धान की रोपाई कर सकती है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होती है। मशीन के उपयोग से मजदूरों की आवश्यकता कम हो जाती है, जिससे रोपाई की लागत कम हो जाती है। मशीन से रोपाई करने पर पौधों की दूरी समान रहती है, जिससे पौधों को पर्याप्त जगह मिलती है और उत्पादन में वृद्धि होती है।

श्रीमती वैष्णव ने आगे कहा कि मशीन से धान की रोपाई एक आधुनिक और प्रभावी तकनीक है जो धान की खेती को आसान, कुशल और लाभदायक बनाती है। यह किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो उन्हें उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद करता है। उन्होंने यह भी बताया कि आज के नए युग में आधुनिक कृषि की आवश्यकता भी है। भारत सरकार द्वारा मशीन लेने पर लगभग 4 लाख रुपये तक का अनुदान भी दिया जाता है, जो किसान भाइयों के मशीन खरीदने के लिए एक अच्छा माध्यम है। इस अवसर पर जग्गु चंद्रवंशी, ईश्वर साहु, गौकरण नेताम, तेजराम, लखन, अशोक सेन और मोनेश साहु भी उपस्थित थे।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर खैरागढ़ में 'सुगम मॉडल' का शुभारंभ, प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

खैरागढ़ (दावा)। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर, 11 जुलाई को जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए 'सुगम मॉडल' (सरकारी एवं चिकित्सकीय सेवाओं के सुलभ प्रबंधन के लिए सुदृढ़ उपयोग) का भव्य शुभारंभ किया गया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, सभापति अरुणा राजू सिंह, तथा सांसद एवं विधायक प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से सुगम मॉडल का विमोचन कर प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में जनसंख्या नियंत्रण एवं स्थिरीकरण को लेकर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि छुईखदान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला एवं पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इसके साथ ही खैरागढ़ सिविल अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों तथा मितानिनों के माध्यम से परिवार नियोजन के साधन सुलभ कराए जा रहे हैं।

## सुगम मॉडल का उद्देश्य

सुगम मॉडल दंपति परामर्श को मजबूत करने, आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों की पहुंच बढ़ाने और समुदाय में जागरूकता फैलाने पर केंद्रित है। इसके माध्यम से ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर एक स्थिर और स्वस्थ जनसंख्या की ओर बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत रवाना किया गया प्रचार-प्रसार रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करेगा। यह रथ 'छोटा परिवारङ्कसुखी परिवार' और 'स्थिर जनसंख्या/स्वस्थ जीवन' जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव, जिला डाटा प्रबंधक खिलेश साहू, राजू भूआर्य सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## परीक्षा में नकल, वॉकी-टॉक के साथ दो लड़कियां गिरफ्तार

बिलासपुर। न्यायधानी के सरकंडा मुक्तिधाम स्थित शिवदुलारे स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित पीडब्ल्यूडी सब-इंजीनियर की परीक्षा के दौरान 'मुन्नाभाई स्टाइल' में हाईटेक नकल का भंडाफोड़ हुआ है, जब परीक्षा केंद्र में बैठी युवती को रंगे हाथ पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि ऑटो में बैठी उसकी साथी वॉकी-टॉकी व वीडियो कॉल के जरिए सवाल-जवाब करवा रही थी, जबकि परीक्षा में बैठी युवती कैमरे द्वारा प्रश्न पत्र दिखा रही थी।

# मछुआरों की आय वृद्धि एवं सशक्तिकरण की दिशा में ठोस पहल



सहकारी समितियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने भरत मटियारा का आव्हान

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के प्रवास के दौरान मछुआरा सहकारी समितियों के साथ बैठक कर मछुआरों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने एवं शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समितियों से कहा कि वे सहकारिता के माध्यम से आय में वृद्धि करते हुए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का लाभ लें और बचत को सशक्त बनाएं।

श्री मटियारा ने वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जलाशयों के पट्टे में मत्स्य पालन को विस्तार देने तथा समिति की आमदनी में इज़ाफा कर बैंकिंग सुविधा के माध्यम से केसीसी का अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी। इससे मछुआरों का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं–जैसे मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य विपणन संसाधन विकास, मौसमी पोखरों में स्पॉन संवर्धन, जाल एवं फुटकर विक्रय संसाधनों–में भागीदारी को बढ़ावा देने का आह्वान किया। साथ ही मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक कार्ड, सामाजिक सुरक्षा बीमा जैसी योजनाओं से भी जुड़कर लाभ प्राप्त करने की अपील की। श्री मटियारा ने उपस्थित मछुआ किसानों को मत्स्याखेट उपकरण जैसे आईस बॉक्स एवं जाल का वितरण भी किया और बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त सुझावों एवं अधिकारियों से विचार-विमर्श के आधार पर आगामी माह में एक समग्र रणनीति तैयार कर मछुआ समुदाय के कल्याण हेतु ठोस निर्णय लिए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष कांकेर रामचरण कोर्राम, जिले की मछुआ सहकारी समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य, मछुआ प्रतिनिधि, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# संकुल छुरिया के स्थानांतरित शिक्षकों को भावभीनी विदाई सह सम्मान

छुरिया (दावा)। विकासखंड छुरिया के संकुल छुरिया में युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरित हुए शिक्षकों को शनिवार, 12 जुलाई को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल, छुरिया में संकुल परिवार द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संकुल छुरिया 1 एवं 2 के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। स्थानांतरित शिक्षकों को इस अवसर पर संकुल छुरिया की ओर से श्रीफल, बैग, एवं उपहार भेंट किए गए।

संकुल छुरिया द्वारा आयोजित विदाई सह सम्मान कार्यक्रम का प्रारंभ स्थानांतरित शिक्षकों- एच.के. खिलारी (प्राचार्य), ललित राम हुपेंडी, शोभराज कोर्राम, श्रीमती प्रतिमा उके, श्रीमती बेला चंद्रवंशी, श्रीमती लुलेश्वरी साहू, श्रीमती शशिलता बढ़ई, श्रीमती प्रीति चंद्राकर, अश्वनी देवांगन, डोमनलाल साहू, पुरेन्द्र कुमार चनाबे, प्रकाश साहू, रितेश चक्रधारी, कमल कुमार देवांगन ङ्क के मुख्य आतिथ्य में सर्वप्रथम माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनेश सिन्हा (प्राचार्य, अंग्रेजी माध्यम शाला) और अजय देवांगन (व्याख्याता छुरिया) ने की। इस विदाई सह सम्मान अवसर पर समस्त स्थानांतरित शिक्षकों ने अपने-अपने पूर्व शालाओं के अनुभव साझा करते हुए कहा कि ÷आप सभी शिक्षकों के सहयोग एवं स्नेह से ही निर्विवाद रूप से हमने अपने शिक्षकीय दायित्वों का निर्वहन किया है। आप सभी ने हमें जो सम्मान दिया है, वास्तव में यह सभी पुरस्कारों से बढ़कर है।



0 प्राचार्य एच.के. खिलारी का उद्बोधन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य धनेश सिन्हा एवं अजय देवांगन व्याख्याता ने कहा कि खिलारी सर ने इस संस्था में रहकर अपने शिक्षकीय कार्य के अलावा सभी गतिविधियों में भरपूर सहयोग किया। उन्होंने कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि वे उच्च पद पर आसीन हैं, बल्कि हमेशा समकक्ष रूप से सभी को साथ लेकर कार्य किया, जो उनके सरल और सहज व्यक्तित्व को दर्शाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य एच.के. खिलारी ने कहा कि छुरिया शाला में उनका पूरा शिक्षकीय कार्य व्यतीत हुआ है, आप सभी के सहयोग एवं स्नेह से छुरिया में शिक्षकीय कार्य के लगभग 32 वर्ष निर्विवाद रूप से सम्पन्न हो गए। उन्होंने अपने सभी शिक्षकों के सहयोग एवं सहभागिता की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि शिक्षक का कार्य है कि हम जहाँ भी रहें अपने ज्ञान से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। हम सभी शासन के नियमों में रहकर कार्य करते हैं और उनके आदेश का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा, मैं इस शाला से स्थानांतरित होकर अन्य शाला में पदस्थ हुआ, लेकिन आप सभी ने आज मुझे जो सम्मान दिया है, उसके लिए आप सभी धन्यवाद एवं बधाई के पात्र हैं। आप सभी हमेशा जीवन में निरंतर आगे बढ़ें और अपने ज्ञान से हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करते रहें, यही आशा करता हूँ। इस अवसर पर संकुल छुरिया के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन थानूराम मोटघरे (प्रधान पाठक, माध्यमिक शाला घोघरे) ने किया। इस विदाई सह सम्मान कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में संकुल समन्वयक कमल देवांगन एवं सुनील देवांगन का विशेष सहयोग रहा।

# जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों सहित अन्य विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि भारत सरकार के केन्द्रीय निगरानी समिति के अधिकारियों की टीम द्वारा जिले का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्रीय योजनाओं से संबंधित जानकारी अद्यतन करने तथा आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अमलों द्वारा आयुष्मान वयवंदन योजना अंतर्गत 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति पर संतोष जाहिर किया। सीईओ जिला पंचायत ने विनोबा एप अंतर्गत सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव, कुपोषण की रोकथाम, एनिमिया के बचाव के लिए पंजीयन की कार्रवाई शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए।




स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के लिए सभी तैयारी सुनिश्चित करने कहा

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन करने के निर्देश दिए। इस दौरान श्रमदान करते हुए ग्राम की साफ-सफाई, स्वच्छता रैली, दीवार लेखन, शपथ ग्रहण, स्कूल में प्रतियोगिताएं एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित करने कहा। इन कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत, स्व-सहायता समूह, युवा क्लब, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीणों को शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत खुले में शौच मुक्त ग्रामों की स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन, सहभागिता और स्थायी ढांचे जैसे मापदंडों पर गांवों का मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही सिटीजन फीडबैक भी एक अहम बिंदु होगा। जिसके लिए ग्रामीणों को मोबाइल एप के माध्यम से सुझाव देने के लिए प्रेरित करने कहा। गांव-गांव में बैनर, पोस्टर, ऑडियो संदेश, नुक्कड़ नाटक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रचार एवं जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएमश्री एवं 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत शालाओं में चल रहे निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, एनआरएलएम सहित अन्य विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

# ग्राम भांठागांव में अद्भुत शिव लिंग देखने उमड़ रही भक्तों की भीड़

राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर, ग्राम गठुला भेड़ीकला के समीप स्थित ग्राम भांठागांव में जमीन से स्वयं प्रकट हुए स्वयं भू-लिंगेश्वर को देखने के लिए भक्तों की खासी भीड़ उमड़ रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस स्वयं भू शिवलिंग पर अक्सर नाग-सर्प लिपटे रहते हैं। हाल ही में एक नई जानकारी सामने आई है कि यदि किसी रिस्ट वॉच को इस शिवलिंग पर रखा जाए, तो वह अपने आप चलने लगती है, जिससे भक्तों में और भी कौतूहल बढ़ गया है।



## भीषण गर्मी में खेत से प्रकट हुआ था शिवलिंग

मंदिर के पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि आज से लगभग 10 साल पहले, यह स्वयं भू शिवलिंग भीषण गर्मी के दिनों में उनके खेत से प्रकट हुआ था। उस समय भी हजारों की भीड़ इसे देखने उमड़ी थी और पूजा-अर्चना के लिए लोगों का तांता लगा रहा था। तब से लेकर आज तक भगवान स्वयं भू शिवलिंगेश्वर की नित्य पूजा-आराधना होती आ रही है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां भव्य मेला भी लगता है।

## श्रावण मास में विशेष पूजा-आराधना और कांवरियों की भीड़

पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि श्रावण मास (सावन) भर यहां भगवान स्वयं भू लिंगेश्वर की पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-आराधना की जाती है। इस दौरान भक्ति भावना का जोर बना रहता है। श्रावण मास भर दूर-दूर से कांवरिए नदी-सरोवरों से जल लाकर भगवान स्वयं भू लिंगेश्वर पर चढ़ाते हैं और अपनी मनोकामनाएँ पूर्ण करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर में सुबह-शाम भगवान स्वयं भू शिवलिंगेश्वर की पूजा-आरती के समय शंख, घड़ियाल, ढोल और मंजीरे की आवाज गूंजती रहती है। दूर-दूर से भक्तगण बड़ी संख्या में भगवान स्वयं भू लिंगेश्वर में लिपटे रहने वाले नाग-सर्पों के दर्शन करने आते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति पाते हैं। श्रावण मास में भगवान स्वयं भू शिवलिंगेश्वर के पूजन का माहौल पूरे जोरों पर बना हुआ है।

# बढ़ती जनसंख्या देश के लिए घातक, सामाजिक रिश्तों पर भी असर

राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 'युवाओं को सशक्त बनाना और अपने पसंद के आशावादी परिवार की संरचना' अंतर्राष्ट्रीय विषय पर लायन सेवा सदन के सभागृह में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। शहर के बुद्धिजीवियों और प्रबुद्ध जनों की गरिमामय उपस्थिति में माँ भारती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## जनसंख्या वृद्धि : राष्ट्र और पर्यावरण पर प्रभाव

कार्यक्रम प्रभारी लायन अमलेंदु हाजरा ने बढ़ती जनसंख्या के राष्ट्र और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को रेखांकित करते हुए विषय को जनमानस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से इस परिचर्चा का आयोजन किया गया है। लायन अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने बढ़ती जनसंख्या को देश के लिए घातक बताया और कहा कि यह देश के योजना निर्माण के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान परिदृश्य में बच्चे चाचा, मामा, बुआ और मौसी जैसे रिश्तों से वंचित हो रहे हैं, जिससे सामाजिक संरचना विकृत हुई है।

## बुद्धिजीवियों के विचार

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. डी.सी. जैन ने इस आयोजन के लिए लायंस क्लब नांदगांव के पदाधिकारियों को बधाई दी और कार्यक्रम प्रभारी की प्रशंसा करते हुए उपस्थित सभी बुद्धिजीवियों को अति संवेदनशील व्यक्तित्व का धनी बताया।

पर्यावरणविद् डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने जनसंख्या को एक गणितीय आंकड़ा बताते हुए कहा कि सारी योजनाएँ आंकड़ों पर निर्भर होती हैं, जो देश के विकास और निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी चिंता व्यक्त की कि वर्तमान समय में गणित विषय को पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बहुत कमी आई है, जिससे जनसंख्या पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। किसान नेता व समाजसेवी अशोक चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की जनसंख्या समस्त शासकीय योजनाओं और संसाधनों को प्रभावित करती है। सीमित जनसंख्या देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था को बनाए रखने में सार्थक होती है। उन्होंने 1965 के अकाल का भी उल्लेख किया।




विश्व जनसंख्या दिवस पर परिचर्चा संपन्न

प्रोफेसर के.के. द्विवेदी ने कहा कि जनसंख्या असंतुलित होने से देश के संसाधनों एवं पर्यावरण को नुकसान होता है। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूक होना आवश्यक बताया और कहा कि 'जन' और 'संख्या' दोनों ही शब्द देश की दशा और दिशा को इंगित करते हैं।

नांदगांव टाइम्स के प्रधान संपादक अशोक पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ दशक पूर्व देश में जनसंख्या का विस्फोट हुआ, तब शासन की परिवार नियोजन योजना को समाज के एक बड़े वर्ग ने अपनाया और वे सीमित हो गए। इसके विपरीत, एक विशेष समुदाय ने इसका विरोध किया और उनकी संख्या में वृद्धि हुई, जिससे देश की जनसंख्या असंतुलित हुई। उन्होंने बताया कि वर्ष 1947 में देश की आबादी 34 करोड़ थी, जो 1991 में 84 करोड़ हुई और वर्तमान में 140 करोड़ के ऊपर पहुंच चुकी है और असंतुलित जनसंख्या देश के लिए एक बड़ी चुनौती है।

समाजसेवी हेमंत तिवारी ने बढ़ती जनसंख्या और गुणवत्ता में कमी पर चिंता व्यक्त की, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और संसाधनों पर बढ़ते दबाव का भी उल्लेख किया। नव निर्वाचित पार्षद शैंकी बग्गा ने कहा कि युवाओं के मध्य वैश्विक बाजार में स्वयं को स्थापित करने का बड़ा अवसर है, क्योंकि विश्व के अन्य देशों के पास युवा शक्ति क्षीण हुई है। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति को योजना बनाकर और सही मार्गदर्शन देकर पूरे विश्व को संचालित किया जा सकता है।

सेवानिवृत्त अधिकारी राकेश इंदुभूषण ठाकुर ने कहा कि शासकीय स्कूलों की संख्या विगत वर्षों में कम हुई है, वहीं दूसरी ओर प्राइवेट स्कूलों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या हमारे देश की ताकत है, जिसके संबंध में योजना बनाकर बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी जी.एस. भाटिया ने सैनिक अनुशासन का हवाला देते हुए कहा कि युवा जनसंख्या को नियंत्रित किया जा सकता है और राष्ट्र की युवा शक्ति का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए किया जा सकता है।

## सम्मान और उपस्थिति

इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षद शैंकी बग्गा एवं उपस्थित अतिथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमलेंदु हाजरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री शैलेंद्र तिवारी (पूर्व निदेशक खाद्य ग्रामोद्योग), बी.पी. वासनिक (पूर्व महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र), डॉ. प्रकाश देवांगन, गिरीश ठक्कर, महेश चिरवतकर, उत्तम साहू और जी.एस. भाटिया भी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रमोद बागड़ी द्वारा दी गई।

# पुलिस ने जप्त किये 120 किलो गांजा, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा (दावा)। कबीरधाम पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक ट्रक से 120 किलो गांजा जब्त किया है। खास बात यह रही कि तस्करी के लिए ट्रक में बेहद चालाकी से 'पुष्पा' फिल्म की तर्ज पर एक गुप्त चैंबर तैयार किया गया था, जिसमें गांजे के 115 पैकेट छिपाकर उड़ीसा से राजस्थान ले जाया जा रहा था।बता दें कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवाई के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल और डीएसपी संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में की गई। थाना चिल्फी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रक (नंबर ऋछ्व 14 त्रत्र 9595) में भारी मात्रा में गांजा लेकर उड़ीसा से कोटा (राजस्थान) की ओर तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को रोका और बारीकी से तलाशी ली।

जांच के दौरान ट्रक के केबिन और ट्रॉली के बीच बेहद पेशेवर तरीके से बनाए गए गुप्त चैंबर से गांजे से भरे 115 पैकेट बरामद किए गए, जिनका वजन करीब 120 किलो था। पुलिस ने मौके से दो अंतराज्यीय तस्करों अकरम खान (उम्र 37 साल) और पप्पु सिंह (उम्र 32 साल) को गिरफ्तार किया है। दोनों राजस्थान के जिला झालावाड़ में स्थित हरनावदा पिया के रहने वाले है।

# हादसों का ब्लैक स्पॉट बन चुके सर्विस लेन का चौड़ीकरण नहीं

राजनांदगांव (दावा)। शहर के आरके नगर से मेडिकल कॉलेज अस्पताल तक सर्विस लेन को मंजूरी मिलने के बाद अब शहर के दूसरे छोर रायपुर नाका में भी सर्विस लेन के चौड़ीकरण की मांग उठने लगी है। हादसे का ब्लैक स्पॉट बन चुके इस सड़क के चौड़ीकरण नहीं होने से लगातार हादसे में लोगों की जान जा रही है।

उल्लेखनीय है कि राम दरबार चौक एवं उसके आसपास का क्षेत्र वर्तमान में राजनांदगांव का अत्यंत व्यस्त और दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन गया है। यहां दैनिक रूप से ट्रैफिक जाम, वाहन टकराव और दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे नागरिकों को जानमाल की क्षति हो रही है। विशेष रूप से सड़क का जो हिस्सा अभी पार्रीनाला से सत्यानंद आश्रम तक बन रहा है, यदि वही चौड़ाई दोनों ओर आगे तक बढ़ा दी जाए। जिसमें एक ओर गौरीनगर मोड़ तक और दूसरी ओर अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तक किए जाने से दुर्घटनाओं में कमी के साथ ही आवागमन भी बेहतर हो पाएगा। यह काम होने से इस क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार होगा। यह सड़क मुख्य शहर को कई महत्वपूर्ण इलाकों से जोड़ती है और इसका व्यवस्थित व समान चौड़ाई



सर्विस लेन से रोजाना हजारों लोग करते हैं आवागमन

वाला निर्माण हजारों नागरिकों के लिए सुविधा और सुरक्षा का माध्यम बनेगा। यही कारण है कि इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग उठ रही है।

### बड़ी कॉलोनियां, व्यापार भी फैलेगा

सर्विस लेन के दोनों तरफ कई बड़ी कॉलोनियां विकसित हो रही है। इसके साथ ही सर्विस लेन के दोनों तरफ व्यापार भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में सर्विस लेल के चौड़ीकरण होने से ना केवल व्यापारिक दृष्टिकोण से फायदा होगा, बल्कि इन सड़कों से रोजाना आने-जाने वाले बच्चे एवं महिलाओं को भी सुविधा मिल पाएगी।

### सर्विस लेन में खड़ी ट्रक से बढ़ी परेशान

सर्विस लेन जहां सकरी होने के कारण लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। वहीं इन सर्विस लेन में खड़ी ट्रक के चलते भी लोगों को दिक्कत हो रहीं है। आलम यह है कि रोजाना इन सड़कों में दो दर्जन से अधिक ट्रक खड़ी रहती है। यातायात विभाग भी इन खड़ी ट्रक के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### यह मांग उठ रही

राम दरबार चौक से जुड़े मार्गों का स्थल निरीक्षण कराया जाए। सेवा लेन का चौड़ीकरण गौरीनगर मोड़ एवं अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तक किया जाए। भविष्य में सड़क निर्माण की कार्ययोजना में इस प्रस्ताव को तत्काल जोड़ा जाए। लोगों का कहना है कि शहर में प्रवेश करने वाले वाहन सत्यानंद आश्रम तक सर्विस लेने के चौड़ा होने से उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन जैसे ही वे आगे बढ़ेंगे, उन्हें सकरे सर्विस लेन से गुजरना पड़ेगा। जिससे हादसे की आशंका बनी रहेगी।

### लगातार हो रहे सड़क हादसे

राम दरबार चौक पिछले कुछ सालों में हादसों का ब्लैक स्पॉट बना हुआ है। यहां दस से अधिक मौत हादसे में हो चुकी है। यही कारण है कि लगातार सर्विस लेन को चौड़ीकरण करने की मांग उठती रही है। सर्विस लेन बढ़ने से हादसों में कमी के साथ ही बाहर से आने वाले वाहनों को भी बेहतर आवागमन की सुविधा मिल पाएगी।

ट्रक वही खड़े रहते है ये भी कारण है दुर्घटनाओं का, चौडीकरण के साथ ट्रकों के बेजा खड़े रहने और सर्विस रोड इस्तेमाल पर भी रोक हो ट्रैफिक पुलिस सहयोग से ये भी सुनिश्चित किया जाए।

# कोई काम छोटा नहीं होता : मोदी जी ने चाय बेची, मैने खुद सायकिल का पंचर बनाया : बहादुर अली

## 'लिटिल एक्सप्लोरर्स' प्ले स्कूल का भव्य शुभारंभ : शिक्षा और व्यावसायिक कौशल पर जोर





शिक्षा के साथ व्यवसायिक अध्ययन आज की आवश्यकता

राजनांदगांव (दावा)। 'लिटिल एक्सप्लोरर्स' प्ले स्कूल के उद्घाटन के साथ अजीज पब्लिक स्कूल के एक बहु प्रतिक्षित शाखा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, परंपरा और समाजसेवा की झलक देखने को मिली। इसी कड़ी में एक नई पहल करते हुए छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं रचनात्मक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'लिटिल एक्सप्लोरर्स' नामक प्ले स्कूल का उद्घाटन आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली के कर कमलों द्वारा किया गया।

आईबी ग्रुप के एम.डी. बहादुर अली ने कहा 'अजीज पब्लिक स्कूल में हम बच्चों को सिर्फ स्कूल की पढ़ाई के लिए तैयार नहीं करते, बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर होने की शिक्षा भी देते है। अजीज पब्लिक स्कूल की समस्त जिलों में कुल 9 स्कूल संचालित है। जिसमें 6500 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत् है। आज बच्चों को सिर्फ शिक्षा ही नहीं बल्कि शिक्षा के साथ व्यवसायिक अध्ययन की बहुत जरूरत है कि 15 वर्ष की आयु से ही बच्चों को किसी भी प्रकार का व्यवसाय करने की शिक्षा भी दी जानी चाहिए, ताकि बच्चों को पैसा कमाने के साथ भविष्य के लिए अपनी पढ़ाई सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय कर सके। क्योंकि कोई भी व्यवसाय छोटा नहीं होता है।

श्री अली ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के चाय बेचने का और स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने खुद सायकल पंचर बनाया है। लॉन्ड्री में कपड़े प्रेस किये है और आज हम दोनों ही आप लोगों के सामने हैं, इसलिए हमें यह जोर देना चाहिये कि 15 से 18 वर्ष के बच्चों को किसी ना किसी माध्यम से छोटा ही सही पर कुछ ना कुछ व्यवसाय सीखना चाहिये। जिससे वह स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ सकें। आज अजीज पब्लिक स्कूल में हर वर्ग हर समुदाय एवं हर आय समूह के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है, जो कि सामाजिक समरसता का एक बेमिसाल उदाहरण है। इसी क्रम में प्रतिवर्षानुसार मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा, रामाटोला एवं रायपुर ब्रांच के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 60 छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विदित हो कि राजनांदगांव जिले में कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्त करने पर सुश्री अलीजा कौसर एवं दसवां स्थान प्राप्त करने पर सुश्री चंचल देवांगन को विशेष प्रशस्ति पत्र बहादुर अली के हाथों प्रदत्त किया गया। हमारा यह प्रयास रहेगा कि यह प्ले स्कूल केवल खेलकूद तक सीमित नहीं रहे। प्ले स्कूल में प्ले-बेस्ड लर्निंग प्राकृतिक वातावरण एवं प्लास्टिक मुक्त शैक्षणिक साधनों की व्यवस्था की गई है, बच्चों को सुरक्षित और सुखद वातावरण मिलेगा। आई.बी. समूह की 'मिशन लाइफ' सोच के तहत ग्रामीण इलाकों में स्कूल खोलने, बेटियों की शिक्षा को सोच के तहत ग्रामीण इलाकों में स्कूल खोलने, बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

साथ ही 'सुनहरा कल' जैसे कार्यक्रमों के जरिए विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग और कौशल विकास का अवसर दिया जाता है। इसी क्रम में छात्रों को को 12वीं उत्तीर्ण के बाद भी स्कालरशिप के माध्यम से उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य आईबी ग्रुप के द्वारा किया जाता है एवं छात्रों को आईबी समूह मे नौकरी के अवसर प्रदान कर उन्हें समाज में बेहतर योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में श्रीमती जोया आफरीन आलम, डॉ. रौनक जमाल के साथ शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के निर्देशक नीरज बाजपेयी, श्रीमती निलोफर खान सहित श्रीमती निलोफर खान सहित अनेक शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभिभावक और छात्र मौजूद रहे।

# बाइक सवार से 900 ग्राम गांजा बरामद, एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई





राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने शनिवार, 12 जुलाई को तिलई क्षेत्र में एक सड़क हादसे का शिकार हुए युवक की बाइक से अवैध गांजे की बरामदगी की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शनिवार दोपहर करीब सवा 3 बजे एक राहगीर से सूचना मिली कि ग्राम तिलई मेन रोड पर तालाब के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल होकर सड़क किनारे पड़ा है।

### घायल अवस्था में मिला युवक, बाइक से बरामद हुआ गांजा

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां दीपक पटेल (उम्र 47 वर्ष), निवासी भटगांव, थाना घुमका, घायल अवस्था में मिले। उनके सिर और पैर में गंभीर चोटें आई थी। दीपक पटेल अपनी मोटर साइकिल (क्रमांक सीजी04 सीडी 4844) से राजनांदगांव से अपने घर जा रहे थे और तिलई के पास ब्रेकर पर मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। गंभीर चोटों के कारण वह ज्यादा कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं थे, इसलिए उन्हें तुरंत डायल 112 की मदद से अस्पताल भेजा गया। दुर्घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल की खुली हुई डिक्की में एक भूरे रंग के टेप से लिपटा पैकेट संदिग्ध दिखा। मौके पर मौजूद गवाहों के सामने जांच करने पर उसमें मादक पदार्थ गांजा पाया गया। बरामद गांजे का वजन 900 ग्राम था, जिसकी कीमत लगभग 8,000 रुपये आंकी गई है। दुर्घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, जिसकी कीमत 25,000 रुपये है, भी जब्त कर ली गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन के इस मामले में दीपक पटेल के खिलाफ धारा 20(बी)2(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव सहित सहायक उपनिरीक्षक शत्रुहन टंडन, प्रधान आरक्षक अरुण कुमार नेताम, संतोष मिश्रा, समारूराम सर्पा, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति साहू, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी, आदित्य सोलंकी, मिर्जा असलम बेग, गोपाल पैकरा और चौकी चिखली के अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिले के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास : आर्चरी में 18 मेडल किया अपने नाम




**राष्ट्रीय स्तर पहली सबसे बड़ी उपलब्धि**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ियों ने नया कीर्तिमान रचा है। खिलाड़ियों ने सीबीएससी स्कूल आर्चरी चैंपियनशिप में 18 मेडल जीतकर इतिहास बनाया है। चटर्जी नोबल स्कूल कोलकाता वेस्ट बंगाल में हुए चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने बाजी मारी है। राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में बड़ी उपलब्धि मिली है। इस उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग और आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने बधाई दी है।

इस साल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 1 महीने तक स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन ने रक्षित आरक्षित केंद्र पुलिस लाइन में रखा था। जिसमें आईबी ग्रुप और जिला पुलिस प्रशासन के विशेष सहयोग से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र साथ नक्सल प्रभावित इलाके से आये बच्चो कों विशेष प्रशिक्षण दिया गया। आईबी ग्रुप की तरफ से एमडी बहादुर अली प्रशिक्षण शिविर में आए 80 से अधिक बच्चों कों प्रोटीन डाइट और अत्यधिक खेल उपकरण उपलब्ध कराये गए थे। पुलिस प्रशासन के अथक प्रयास से बच्चो कों तीरंदाजी का प्रशिक्षण 5 साल से दिया जा रहा है।

# संस्कारधानी में आज निकलेगी महाकाल की पालकी यात्रा, शिवमय होगा राजनांदगांव



राजनांदगांव (दावा)। सावन मास की शुरुआत 11 जुलाई से हो चुकी है और इसी पावन महीने में सृष्टि का कार्यभार भगवान विष्णु शिव जी को सौंप देते हैं। इसी परंपरा के तहत, प्रत्येक सोमवार को महाकाल के भक्तों द्वारा महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। महाकाल भक्त नीलू शर्मा और पवन डागा ने बताया कि भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर के रूप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। जो भक्त उज्जैन नहीं जा सकते या सिंघोला दर्शन के लिए नहीं पहुंच सकते, उनके लिए बाबा स्वयं नगर में अपने भक्तों का हाल-चाल जानने के लिए चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी यात्रा निकालेंगे। यह यात्रा सावन के हर सोमवार को निकलेगी और संस्कारधानी राजनांदगांव शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण करेगी।

### निकलेगी पालकी यात्रा

इस दौरान एक से बढ़कर एक बाजे-गाजे की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, और महाकाल के भक्त धार्मिक और पारंपरिक वेशभूषा धोती-कुर्ता में नजर आएंगे। प्रथम यात्रा आज 14 जुलाई सोमवार को प्रारंभ होगी। यह यात्रा नंदई हाट बाजार, नंदई चौक, इंदरानगर चौक, बासपाई पारा चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन और गोल बाजार से होते हुए सत्यनारायण मंदिर कामठी लाइन पहुंचेगी। जहां हरिहर मिलन होगा। इसके बाद पालकी यात्रा लक्ष्मी मंदिर हमाल पारा में विश्राम करेगी।

# आमगांव में अनियंत्रित ट्रक पलटा, ड्राइवर बाल-बाल बचा



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव-मोहला-मानपुर स्टेट हाईवे पर रविवार 13 जुलाई को दोपहर करीब डेढ़ बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक अनियंत्रित ट्रक खेत में जाकर बुरी तरह पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक स्टीयरिंग में बुरी तरह फंस गया था, लेकिन पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों की सूझबूझ और मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 08 एवाय 1389 चोपड़ा लाइन राजनांदगांव की तीन ट्रकों में से एक थी, जो रायपुर से लोहे की सिल्ली लेकर हैदराबाद जा रही थी। अछोली और आमगांव के बीच यह ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गई और पलटकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक राजनांदगांव की ओर से आ रही थी और ग्राम मोहड़ से काफी तेज रफ्तार में निकली थी। जिसके बाद आमगांव से पहले ही यह हादसा हो गया।

दुर्घटना के बाद ट्रक चालक प्रकाश पिता बिसौहा निषाद (31 वर्ष), निवासी आवेरी, जिला बालोद, स्टीयरिंग में फंसा हुआ था और मदद के लिए हाथ बाहर निकालकर संकेत दे रहा था। दुर्घटना की खबर मिलते ही पास के खेतों में काम कर रहे किसानों और अन्य राहगीरों व ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ड्राइवर को जैसे-तैसे बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। जिसके बाद ड्राइवर को डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. धर्मेंद्र मंडावी ने बताया कि ड्राइवर प्रकाश के सिर, हाथ और हथेली में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद, उसकी हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए राजनांदगांव रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों की त्वरित सहायता और 108 एम्बुलेंस की वजह से ड्राइवर की जान बच सकी।

# ध्रुव गांधी की शैक्षणिक उपलब्धि पर क्षेत्र हुआ गौरवान्वित



राजनांदगांव (दावा)। पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में अध्ययनरत छात्रों के लिए ध्रुव गांधी एक प्रेरणास्पद उदाहरण बनकर उभरे हैं। राजनांदगांव के शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र ध्रुव ने अब तक आयोजित हुई चारों राज्य स्तरीय सेमेस्टर परीक्षाओं में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना शैक्षणिक वर्चस्व सिद्ध किया है। उनकी यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय है, बल्कि समूचे जिले में अकादमिक उत्कृष्टता और नैतिक मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति एक सशक्त संदेश भी देती है।

ध्रुव की सफलता के मूल में उनके परिश्रम, अनुशासन और पारिवारिक संस्कारों का सम्यक् संतुलन विद्यमान है। उनके पिता श्री गांधी प्रतिदिन उन्हें न केवल शैक्षणिक विषयों में, बल्कि जीवन के आदर्श मूल्यों पर भी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। ध्रुव का कहना है कि यह संवाद उन्हें एक सजग छात्र ही नहीं, बल्कि एक उत्तरदायी नागरिक बनने की दिशा में भी सतत प्रेरित करता है। ध्रुव यह भी बताते हैं कि उनके दादा, पिता और परिवार के वरिष्ठजन, विशेष रूप से उनके बड़े पापा दिनेश गांधी जिनका नाम क्षेत्र की राजनीति में एक प्रतिष्ठित स्थान रखता है। सदैव उनके लिए मार्गदर्शक स्तंभ रहे हैं। ध्रुव कहते हैं, 'मेरे बड़े पापा ने जिस तरह अपने कार्यों से परिवार के नाम को सम्मानित किया है। वही मेरे लिए प्रेरणा है- कि मैं भी शिक्षा और चरित्र के माध्यम से अपने परिवार का नाम ऊँचा रख सकूं और अपने माता-पिता को गर्व की अनुभूति करा सकूं।

ध्रुव का मानना है कि जीवन में सफलता केवल अंकों की उपलब्धि नहीं है, अपितु चरित्र, विवेकशीलता और सामाजिक चेतना की भी उतनी ही आवश्यकता है। वर्तमान में ध्रुव गांधी पत्रकारिता की बारीकियों को व्यवहारिक स्तर पर सीखने हेतु प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनका लक्ष्य एक ऐसे पत्रकार बनना है जो सत्य, समाज और संवेदना के मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता कर सके।




# बगैर नोटिस गरीबों का रोजगार उजाड़ रहा जिला प्रशासन व नगर निगम, रसूखदारों पर मेहरबान : हफीज खान



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा है कि बिना किसी नोटिस या पूर्व सूचना, और बिना किसी व्यवस्थापन के, भरी बारिश में गरीबों के रोजी-रोटी के साधनों पर बेरहमी से बुलडोजर चलाना बेहद अमानवीय है। खान ने सवाल उठाते हुए कहा, बरसात में तो पक्षियों का घोंसला भी नहीं हटाया जाता है, और यहां बिना किसी पूर्व नोटिस के गरीब मजबूर लोगों की दुकानें तोड़ी जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे शहर में कई ऐसी जगहें हैं, जहां बड़े-बड़े रसूखदारों और भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा मनमाने अतिक्रमण किए गए हैं। ढेरों बड़ी-बड़ी दुकानें और अस्पताल बिना पार्किंग के संचालित हो रहे हैं, लेकिन उन पर चुप्पी साधकर केवल गरीबों की दुकानें तोड़कर अपनी पीठ थपथपाने और मीडिया की सुर्खियों में आने का कुंठित प्रयास नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।

### भाजपा नेताओं का मौन दर्शाता है सहमति

श्री खान ने जिला प्रशासन और नगर निगम पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि यह कार्यवाही पूरी तरह से गरीब विरोधी है, और निगम के भाजपा नेताओं का मौन उनकी इस कार्यवाही में सहमति दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जनता से उनके विकास और उन्हें संपन्न बनाने के लिए वोट मांगकर सत्ता में आई भाजपा आज अपना असली रंग दिखा रही है। खान ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ भी अब उत्तर प्रदेश-बिहार की राह पर अग्रसर हो चुका है और वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि शहर में बड़े-बड़े रसूखदारों द्वारा मनमाने तरीके से अतिक्रमण किया गया है। ज्यादातर जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, और बिना पार्किंग के अवैध अतिक्रमण कर अस्पताल संचालित हो रहे हैं। बड़ी-बड़ी शॉपिंग मॉल्स जैसी दुकानें भी बिना पार्किंग के सामने तक अतिक्रमण की हुई हैं, लेकिन मजाल है निगम की या भाजपा नेताओं की इन पर कार्यवाही करने की सोच भी सकें।

हफीज खान ने आरोप लगाया कि ये केवल गरीबों पर ताकत दिखाते हैं और धनाढ्य सेठों के सामने सरेंडर हो जाते हैं, क्योंकि उन्हीं के टुकड़ों और चंदे-चकोरी पर इनकी पार्टी चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि निगम में ही भाजपा से जुड़े लोगों के बड़े-बड़े भ्रष्टाचार लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन उस पर कार्यवाही करने की निगम की हैसियत नहीं है। ÷वे केवल गरीबों का घर उजाड़ सकते हैं और भ्रष्टाचार कर सकते हैं, इसके अलावा कुछ नहीं कर सकते।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com